राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# लोक शक्ति




केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के पिता दाउलाल वैष्णव का निधन



एमपी : बागेश्वर धाम आए श्रद्धालुओं के साथ हादसा, ढाबे की छत गिरने से महिला की मौत, 10 घायल


RNI Regn. No.7789/1964 | वर्ष-61 > अंक - 195 | रायपुर | बुधवार 9 जुलाई 2025 विक्रम संवत 2082 | पृष्ठ 8 > मूल्य : 2 रू. | डाक पंजीयन : C.G./RYP DN/71/2023-25









## हवा में 30 मिनट बाद इंडिगो फ्लाइट में आया 'झटका', इंदौर में कराई इमरजेंसी लैंडिंग,

**रायपुर,संवाददाता।** इंदौर से रायपुर जा रही इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट में मंगलवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब उड़ान भरने के लगभग आधे घंटे बाद ही विमान की आपातकालीन लैंडिंग करानी पड़ी। फ्लाइट में तकनीकी गड़बड़ी के संकेत मिलने के बाद पायलट ने विमान को वापस इंदौर के देवी अहिल्या बाई होल्कर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर सुरक्षित उतार लिया। विमान में सवार सभी यात्री सुरक्षित हैं। जानकारी के अनुसार, इंडिगो की उड़ान संख्या 6E 7295 ने अपने निर्धारित समय सुबह 6:35 बजे रायपुर के लिए टेक-ऑफ किया था।

### प्रवासी भारतीयों ने दिखा जबरदस्त उत्साह

# ब्रासीलिया में मोदी का भव्य स्वागत

एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रियो डी जेनेरियो में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के बाद मंगलवार को ब्राजील की राजधानी ब्रासीलिया पहुंचे। यहां उनका भव्य और पारंपरिक तरीके से जोरदार स्वागत किया गया। प्रधानमंत्री मोदी के ब्रासीलिया हवाई अड्डे पर पहुंचने पर ब्राजील के रक्षा मंत्री जोस मुसियो मोंटेरो फिल्हो ने उनका औपचारिक स्वागत किया। इसके बाद भारतीय समुदाय ने पारंपरिक ब्राजीलियाई सांबा और रेगे संगीत के साथ प्रधानमंत्री का



अभिनंदन किया।

एयरपोर्ट पर सांबा और रेगे म्यूजिक की धुनें बज रही थीं। लोग नाच-गा रहे थे, माहौल में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा था।

# धर्मांतरण गिरोह की सम्पत्तियाँ जब्त करेगी योगी सरकार

### योगी ने किया ऐलान : जलालुद्दीन को बताया राष्ट्र का दुश्मन, बुलडोजर से कोठी 'समतल'

### धर्मांतरण रैकेट चलाने वाले छांगुर पीर पर योगी सख्त

राष्ट्र विरोधी है जलालुद्दीन

एजेंसी

यूपी में अवैध धर्मांतरण गिरोह चलाने वाले छांगुर पीर को लेकर सीएम योगी आदित्यनाथ ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा है कि इस तरह की गतिविधियों में लिप्त पाए गये लोगों को ऐसी सजा दी जाएगी जो एक उदाहरण बने। उन्होंने छांगुर पीर को राष्ट्रविरोधी करार दिया। सीएम योगी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म



एक्स पर लिखा, यूपी सरकार बहन-बेटियों की गरिमा और सुरक्षा के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है। प्रारंभिक जाँच में सामने आया है कि आरोपित जलालउद्दीन की गतिविधियाँ समाज विरोधी ही नहीं, बल्कि राष्ट्र विरोधी भी हैं।÷

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार कानून व्यवस्था को लेकर किसी प्रकार की ढिलाई नहीं बरतेगी। आरोपित और उसके गिरोह से जुड़े सभी अपराधियों की संपत्तियाँ जब्त की जाएँगी ।

## अहमदाबाद एयर इंडिया विमान हादसे को लेकर प्रारंभिक रिपोर्ट आई सामने

नईदिल्ली,एजेंसी

रिपोर्ट में कहा गया कि शीर्ष सरकारी अधिकारियों के बताया है कि प्रारंभिक आकलन और शुरुआती निष्कर्षों पर आधारित यह रिपोर्ट इस सप्ताह के अंत में सार्वजनिक होने की उम्मीद है। लंदन जाने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट एआई171, 12 जून को अहमदाबाद एयरपोर्ट से उड़ान भरने के कुछ ही सेकंड बाद एक मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल में दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस दुखद दुर्घटना में विमान में सवार 241 लोग और जमीन पर मौजूद 19 लोग मारे गए थे। एआई171 के सीवीआर और एफडीआर दोनों बरामद कर लिए गए। इनमें से पहला 13 जून, 2025 को दुर्घटना स्थल पर इमारत की छत से और दूसरा 16 जून, 2025 को मलबे से मिला था। एयर इंडिया की फ्लाइट की दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना के बाद, एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो ने तुरंत जांच शुरू की और निर्धारित मानदंडों के अनुसार 13 जून 2025 को एक बहु-विषयक टीम का गठन किया गया था। अंतरराष्ट्रीय प्रोटोकॉल के अनुसार, गठित इस टीम का नेतृत्व एएआईबी के महानिदेशक करते हैं और इसमें एक विमानन देखभाल विशेषज्ञ, एक एटीसी अधिकारी और नेशनल ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी बोर्ड के प्रतिनिधि शामिल हैं।

## चुनाव से पहले नीतीश का 'महिला-युवा' कार्ड : बिहार की बेटियों को ही मिलेगा 35 प्रतिशत आरक्षण

नई दिल्ली. एजेंसी

### युवा आयोग को भी मंजूरी

बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव से ठीक पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार ने महिला और युवा मतदाताओं को साधने के लिए दो बड़े फैसले लिए हैं। मंगलवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में यह तय किया गया कि अब से सरकारी नौकरियों में महिलाओं को मिलने वाला 35 प्रतिशत आरक्षण का लाभ सिर्फ बिहार की मूल निवासी महिलाओं को ही मिलेगा। इसके साथ ही, युवाओं को साधने के लिए 'बिहार युवा आयोग' के गठन को भी मंजूरी दे दी गई है।

सरकार के इस ऐतिहासिक फैसले के बाद, अब अन्य राज्यों की महिला



अभ्यर्थी बिहार की सरकारी नौकरियों में 35% महिला आरक्षण का लाभ नहीं उठा सकेंगी। राज्य सरकार की सभी सेवाओं में सीधी नियुक्ति के पदों पर यह नियम लागू होगा। यह निर्णय लंबे समय से उठ रही उस मांग के बाद लिया गया है, जिसमें बाहरी राज्यों की महिलाओं को आरक्षण का लाभ दिए जाने का विरोध किया जा रहा था। सरकार का मानना है कि इस कदम से राज्य की महिलाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। लाभ लेने के लिए महिला अभ्यर्थियों को बिहार का मूल निवासी प्रमाण पत्र देना अनिवार्य होगा।

इसके साथ ही कैबिनेट ने युवाओं के लिए 'बिहार युवा आयोग' के गठन को भी हरी झंडी दे दी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, बिहार के युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने, उन्हें प्रशिक्षित करने तथा सशक्त बनाने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने बिहार युवा आयोग के गठन का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि यह आयोग युवाओं की स्थिति में सुधार और उत्थान से संबंधित सभी मामलों पर सरकार को सलाह देगा। साथ ही, युवाओं को बेहतर शिक्षा और रोजगार सुनिश्चित करने के लिए यह आयोग विभिन्न सरकारी विभागों के साथ समन्वय स्थापित करेगा। राजनीतिक विश्लेषक इन दोनों फैसलों को चुनाव से पहले नीतीश सरकार का मास्टरस्ट्रोक मान रहे हैं, जिसका सीधा असर महिला और युवा वोट बैंक पर पड़ सकता है।

## केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का छत्तीसगढ़ दौरा रद्द

### मैनपाट प्रशिक्षण शिविर में नहीं होंगे शामिल

सरगुजा एजेंसी

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का छत्तीसगढ़ दौरा आखिरी समय में रद्द कर दिया गया है। शाह को बुधवार को मैनपाट में आयोजित भाजपा के प्रशिक्षण शिविर के समापन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होना था। शाह के दौरे को देखते हुए कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा से लेकर मंच सज्जा तक तैयारियां पूरी कर ली गई थी, लेकिन अब स्पष्ट हो गया है कि वे इस कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाएंगे। गृहमंत्री अमित शाह वर्चुअल कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं।



ब्रासीलिया में मोदी का स्वागत देखकर साफहै कि भारतीय कहीं भी हों, अपने देश और संस्कृति से हमेशा जुड़े रहते हैं।

**मानसून** | हिमाचल प्रदेश में बारिश ने अपना रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया

# पहाड़ों में मानसून बना आफत : भारी बारिश से बदरीनाथ हाईवे बंद

एजेंसी

मैदान से पहाड़ों तक लगातार मानसूनी बारिश का दौर जारी है। मैदानी इलाकों में किसान और आम जनता बारिश से भले खुश हैं, लेकिन पहाड़ी इलाकों में बारिश आफत बन चुकी है। खासकर उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में बारिश ने अपना रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया है। उत्तराखंड के चमोली जिले में रविवार देर रात से लगातार बारिश हो रही है। भारी बारिश का असर आम जनजीवन पर पड़ा है। जगह-जगह मलबा आने से लिंक सड़क मार्ग अवरुद्ध हो गए हैं और लोगों को आवाजाही में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए चमोली जिला प्रशासन ने स्कूलों में अवकाश घोषित कर



दिया है।

वहीं, बदरीनाथ हाईवे पर भी नंदप्रयाग और कर्णप्रयाग के बीच भारी मात्रा में मलबा आ गया है, जिससे हाईवे अवरुद्ध हो गया है। सुरक्षा के मद्देनजर प्रशासन ने गाड़ियों को सुरक्षित स्थानों पर रोक दिया है। मलबा हटाने का कार्य जारी है, लेकिन लगातार हो रही बारिश से इसमें कठिनाई आ रही है। हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले में भी लगातार बारिश हो रही है। इस कारण नदी-नालों का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है, जिससे बाढ़ और अन्य दुर्घटनाओं का खतरा मंडरा रहा है। चंबा के एसडीएम प्रियांशु खाती ने लोगों से अपील की है कि वो अनावश्यक रूप से नदी-नालों के पास न जाएं और प्रशासन की ओर से जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें। उन्होंने कहा कि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है, लेकिन आम जनता की सजगता भी बेहद जरूरी है। एसडीएम चंबा प्रियांशु खाती ने कहा, सभी जानते हैं कि ये मानसून का सीजन है और इस दौरान लगातार बारिश हो रही है। हमने प्रशासनिक अधिकारियों को कई निर्देश दिए हैं। अधिकारियों से कहा है कि वो ये देखें कि लोग खड्ड के आसपास नहीं जाएं। जो लोग खड्ड के आसपास बसेरे बना लेते हैं, उन्हें रोकने के भी निर्देश दिए गए हैं।

# 'पुलवामा हमले के लिए विस्फोटक अमेजन से खरीदा गया था', FATF की रिपोर्ट से खुलासे

**नई दिल्ली: एजेंसी।** वैश्विक आतंकी वित्तपोषण निगरानी संस्था एफएटीएफने दावा किया है कि फरवरी 2019 के पुलवामा आतंकी हमले में इस्तेमाल किए गए विस्फोटक अमेजन से खरीदा गया था। एफएटीएफने दावा किया कि 2022 में गोरखनाथ मंदिर पर हमला करने वाले आतंकी को पेमेंट PayPal से हुआ था।

अप्रैल 2025 में पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा करते हुए एफएटीएफने कहा कि वित्तीय सहायता के बिना ऐसे हमले संभव नहीं थे। एफएटीएफ ने कहा था कि वह 200 अधिकार क्षेत्रों वाले अपने वैश्विक नेटवर्क द्वारा प्रदान किए गए मामलों को संकलित करते हुए ÷आतंकवादी वित्तपोषण का व्यापक विश्लेषण÷ करेगा।

**Amazon से खरीदा खरीदा गया विस्फ ोटक** भारत में आतंकवादी हमले के लिए सामग्री की खरीद के





लिए ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के उपयोग का केस स्टडी देते हुए FATF ने कहा कि हमले में इस्तेमाल किए गए तात्कालिक विस्फोटक उपकरण का एक प्रमुख घटक - एल्यूमीनियम पाउडर - EPOM Amazon से खरीदा गया था। इस सामग्री का उपयोग विस्फोट के प्रभाव को बढ़ाने के लिए किया गया था। बता दें कि फरवरी 2019 में, जम्मू और कश्मीर के पुलवामा में भारतीय सुरक्षा बलों के काफिले को निशाना बनाकर एक आत्मघाती बम विस्फ ोट किया गया, जिसके परिणाम स्वरूप 40 सैनिक मारे गए। आतंकी हमले की साजिश जैश-ए-मोहम्मद (JiM) द्वारा रची गई थी।

**ई-कॉमर्स प्लेटफ ॉर्म और ऑनलाइन मार्केटप्लेस का दुरुपयोग**

FATF रिपोर्ट ने इस बात पर प्रकाश डाला कि आतंकवादी ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म और ऑनलाइन मार्केटप्लेस का दुरुपयोग कर रहे हैं और कहा कि आतंकवादियों ने अपने परिचालन खरीद (उपकरण, हथियार, रसायन, 3D-प्रिंटिंग सामग्री) के लिए ऐसे प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल किया है। FATF ने कहा कि EPOM का उपयोग व्यापार आधारित मनी लॉन्ड्रिंग योजनाओं से प्रेरित होकर फंड-मूविंग उद्देश्य के लिए किया जा सकता है।

### आतंकी को पेपाल से भेजे गए 669,841 रुपये

ऑनलाइन भुगतान सेवा और वीपीएन के उपयोग पर एक केस स्टडी का हवाला देते हुए एफएटीएफ ने 3 अप्रैल, 2022 को गोरखनाथ मंदिर में हमला करने को पेपाल के माध्यम से 669,841 रुपये (7,685 अमेरिकी डॉलर) भेजे गए थे। इसके अलावा एक अन्य विदेशी स्रोत से 10,323.35 रुपये (188 अमेरिकी डॉलर) भी आतंकी को मिले थे। आईपी पते को अस्पष्ट करने के लिए वीपीएन सेवाओं का उपयोग किया गया था।

## भारत-अमेरिका ट्रेड डील पर सस्पेंस के बीच ट्रंप का नरम रुख, जवाबी टैरिफ लगाने का फैसला टला

वॉशिंगटन ,एजेंसी।

न्यूयॉर्क भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते को लेकर चल रही बातचीत के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नरम रुख अपनाते हुए भारत को बड़ी राहत दी है। ट्रंप प्रशासन ने भारतीय वस्तुओं पर जवाबी टैरिफ (अतिरिक्त शुल्क) लगाने के फैसले को 1 अगस्त तक के लिए टाल दिया है। यह फैसला 9 जुलाई की डेडलाइन खत्म होने से ठीक एक दिन पहले आया है, जिससे भारतीय निर्यातकों को बड़ी राहत मिली है और दोनों देशों को व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के लिए अतिरिक्त समय मिल गया है।

सोमवार को ट्रंप प्रशासन ने दुनिया के कई देशों को नए शुल्कों की जानकारी देते हुए 'पत्र' भेजे, लेकिन इस सूची में भारत का नाम शामिल नहीं किया गया। गौरतलब है कि अमेरिका ने 2 अप्रैल को भारतीय उत्पादों पर 26त्न का अतिरिक्त टैरिफ लगाने की घोषणा की थी, जिसे 90 दिनों के लिए स्थगित कर दिया गया था। यह अवधि 9 जुलाई को समाप्त हो रही थी, जिसे अब 1 अगस्त तक बढ़ा दिया गया है। इस फैसले पर विशेषज्ञों ने सधी हुई प्रतिक्रिया दी है। अंतरराष्ट्रीय व्यापार विशेषज्ञ विश्वजीत धर ने इसे भारत के लिए राहत की बात बताते हुए कहा, मैं इसे राहत की बात मानता हूं और यह प्रतिक्रिया भारत द्वारा कुछ मुद्दों पर कड़ा रुख अपनाने के कारण आई है। वहीं, मुंबई स्थित निर्यातक शरद कुमार सराफ ने राष्ट्रपति ट्रंप को बहुत अप्रत्याशित बताते हुए कहा कि यह राहत बहुत कम समय के लिए है और भारतीय निर्यातकों को निर्यात बढ़ाने के लिए नए बाजारों की तलाश करनी चाहिए।

# किसान जवान संविधान जनसभा में कांग्रेस नेताओं ने बीजेपी को ललकारा,जल जंगल जमीन छीनने का लगाया आरोप

### कांग्रेस की किसान जवान संविधान जन सभा में कांग्रेस के दिग्गज नेता एक मंच पर आए

### खड़गे ने कहा-नीतीश-नायडू की टांगों पर चल रहे मोदी

**रायपुर ।** छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की किसान जवान संविधान जनसभा हुई, जिसमें कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे विशाल जनसभा को संबोधित किया। इधर लगातार बारिश के बीच हो रही इस सभा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का जोश देखने लायक था। जनसभा के जरिए कांग्रेस किसानों, जवानों और संविधान की रक्षा को लेकर अपनी जनभावना व्यक्त कर रही है।

सभा में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कार्यकर्ताओं को बारिश में आने के लिए धन्यवाद दिया। खड़गे ने कहा कि बारिश में हम मंच में बैठे हैं और आप पानी में बैठे हैं तो हमें यही लगता है कि पार्टी के लिए आप मर मिटने के लिए भी तैयार हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि उनका रायपुरवासियों से खास रिश्ता है। रायपुर में 2023 में कांग्रेस का महाधिवेशन हुआ था। जब बघेल मुख्यमंत्री थे और मंत्रिमंडल के सभी सदस्य भी यहां बैठे हैं। उस वक्त जो यहां पर महाधिवेशन हुआ उसमें मैं अध्यक्ष बना। उस वक्त 15 हजार डेलीगेट्स मुझे चुनकर राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया, इसलिए पहला उपकार आप लोगों का मुझ पर हैं। क्योंकि आपके बिना मैं इस कुर्सी पर दोबारा नहीं बैठ सकता था।

मोदी सरकार का घमंड टूटा

खड़गे के मुताबिक रायपुर से सामाजिक न्याय का नारा बुलंद हुआ.उसने 2024 में मोदी सरकार के अहंकार को तोड़ दिया। आज बीजेपी



ऐसी हालत में है कि वो खुद की सरकार नहीं बना सकती है। उनकी खुद की मेज्योरिटी नहीं है। मोदी फिर से चुनकर नहीं आए हैं वो अपने दो टांग दूसरे से लेकर चल रहे हैं. वो दूसरे लोगों की टांग लेकर चल रहे हैं। 400 पार का नारा दिया था कहां है 400 पार। यदि आप एमपी और राजस्थान से 20-20 सीट और देते तो मोदी को हम गुजरात का रास्ता दिखा देते। लेकिन ऐसा हो ना सके.आज हर जगह गरीबों को लूटने का काम चल रहा है.अभी भी ऐसा ही चल रहा है। हर जगह मिलकर गरीबों को लूटने का काम कर रहे, कांग्रेस कार्यकर्ता मर-मिटने को तैयार। कांग्रेस अध्यक्ष खडग़े बोले- नीतीश-नायडू की टांगों पर चल रहे हैं मोदी। हर जगह मिलकर गरीबों को लूटने का काम कर रहे, लेकिन कांग्रेस कार्यकर्ता मर-मिटने को तैयार हैं।

मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, छत्तीसगढ़ की संपत्ति को उद्योगपतियों को देने का काम किया है। यहां के जंगल जल और जमीन हड़पने का काम केंद्र सरकार ने किया है। यहां का जो मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय हैं जो मोदी और शाह के आगे नतमस्तक हैं। वो बोलते हैं खड़े हो तो खड़े होता है,वो बोलते हैं बैठो तो बैठ जाता है। यहां उद्योगपति छत्तीसगढ़ के कोयला और माइनिंग को लूटने के लिए आ रहा है। यहां की जनता के लिए कोई नहीं आ रहा है, इसलिए शाह बार-बार आ रहे हैं ताकि यहां के जंगल को उजाड़ सकें, कोयला कहां हैं, स्टील कहां है और आयरन ओर कहां है इन सब चीजों को देखने के लिए आ रहे हैं। इसलिए हमें मजबूती के साथ इनके खिलाफ लड़ना होगा।

## भाजपा प्रदेश प्रभारी का मध्य रात्रि में हुआ स्वागत, विष्णु देव सरकार की जमकर प्रशंसा

**रामानुजगंज ।** बलरामपुर रामानुजगंज छत्तीसगढ़ भाजपा प्रदेश प्रभारी एवं बिहार सरकार के कैबिनेट मंत्री नितिन नवीन मैनपाट में आयोजित भाजपा के चिंतन शिविर में शामिल होने के लिए सड़क मार्ग से झारखंड होते मध्य रात्रि रामानुजगंज पहुंचे इस दौरान छत्तीसगढ़ सीमा में प्रवेश करते ही भाजपा जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश जायसवाल और नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल के मार्गदर्शन में अंतर्राजीय बैरियर पर पूर्व पार्षद मुकेश जायसवाल एवं विकास अग्रवाल के नेतृत्व में भव्य आतिशबाजी फूल माला के साथ जोरदार स्वागत किया गया। गौरतलब है की छत्तीसगढ़ भाजपा के द्वारा सांसदों विधायकों के लिए तीन दिवसीय चिंतन शिविर का आयोजन छत्तीसगढ़ के शिमला कहे जाने वाले मैनपाट में किया गया है जिसमें भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह समेत प्रदेश के समस्त सांसद विधायको के सम्मिलित होने का अनुमान है। नितिन नवीन उक्त चिंतन शिविर में शामिल होने के लिए सड़क मार्ग से चलकर पटना बिहार से झारखंड होते रामानुजगंज पहुंचे थे जहां रात्रि विश्राम के बाद अल सुबह मैनपाट के लिए निकल गए। मध्य रात्रि में भव्य आतिशबाजी के साथ स्वागत से अभिभूत छत्तीसगढ़ पहुंचे भाजपा प्रदेश प्रभारी नीतिन नवीन ने छत्तीसगढ़ की विष्णु देव सरकार की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में जन भावनाओं के अनुरूप समाज के सभी वर्गों के लिए विकास कार्य हो रहे हैं। हम लोगों ने जो वादा किए थे वादा के अनुरूप कार्यों को मूर्त रूप दिया जा रहा है। नितिन नवीन के मध्य रात्रि रामानुजगंज पहुंचने पर स्वागत करने वालों में प्रमुख रूप से पार्षद सुरेश पुरी, सुमित गुप्ता, अर्जुन दास, सिद्धांत यादव, अश्वनी गुप्ता, अनूप कश्यप, अंकित गुप्ता, मंजय गुप्ता, उमेश पुरी, करण कश्यप।

## सुकमा जिले में खाद-बीज की पर्याप्त उपलब्धता, केसीसी के जरिये किसानों को राहत, शून्य प्रतिशत ब्याज पर लोन की सुविधा

**सुकमा ।** जैसे ही मानसून ने दस्तक दी, किसानों की दिनचर्या खेतों से फिर जुड़ गई। कोई हल लेकर खेतों की जुताई में जुट गया है तो कोई अपने बच्चों और पत्नी के साथ धान की रोपाई करता नजर आता है। किसान पहले खेतों की मिट्टी को प्रणाम करते हैं और फिर सच्ची श्रद्धा के साथ प्रकृति की देन को संवारने में लग जाते हैं। इस जुड़ाव में एक और राहतभरी बात यह है कि अब उन्हें खाद और बीज की चिंता करने की ज़रूरत नहीं पड़ती। कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन तथा मार्गदर्शन में प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी किसानों के लिए समय रहते खाद और बीज के पर्याप्त भंडारण और वितरण के लिए समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। जिले में भी इसकी तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं। समितियों पर किसान बिना किसी परेशानी के अनुदानित दरों पर गुणवत्तायुक्त खाद और बीज प्राप्त कर रहे हैं।राज्य सरकार के द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड योजना अंतर्गत कृषकों को शून्य प्रतिशत ब्याज पर ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। जिसके अंतर्गत कृषकों का उनके कृषि भूमि के आधार पर नगद 3 लाख एवं खाद बीज हेतु 2 लाख तक की साख सीमा उपलब्ध कराई जा रही है। योजनान्तर्गत अद्यतन6588 कृषकों द्वारा केसीसी का लाभ लिया गया है जिसके अंतर्गत 3413 लाख रूपये कृषकों के

खातों में अंतरण किया गया एवम 316 लाख रूपए का खाद बीज प्रदाय किया गया है। खरीफसत्र 2025-26 में अधिक से अधिक कृषकों को योजना का लाभ पहुँचाने का



प्रयास जारी है। कृषि विभाग द्वारा कृषकों के आवश्यकताओं के अनुसार बीज मांग का भण्डारण किया गया है। जिला विपणन अधिकारी द्वारा खाद मांग की आपूर्ति की जा रही है। जिसका वितरण समितियों (लेम्पस) के द्वारा किया जा रहा है। जिले में 755.645 टन युरिया, 375.950 डीएपी,513.220 टन एनपीके एवम 201.650 पोटाश का वितरण कृषकों को किया गया है। जिले में 2905.50 क्विंटल भण्डारित बीजों में से 2253.90 क्विंटल बीज 3965 कृषकों को वितरण किया गया है। जिले में पर्याप्त मात्र में खाद बीज उपलब्ध हैं। किसानों की माँग के अनुसार किसानों को खाद उपलब्ध कराई जा रही है। राज्य शासन के निर्देशानुसार खाद वितरण प्रक्रिया को पारदर्शी, सरल और सुविधाजनक बनाया गया है।

## तेज बारिश में उफनते नाले में ट्रक ड्राइवर की लगी जान की बाजी, जेसीबी से किया गया रेस्क्यू

**गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही ।** छत्तीसगढ़ के गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही ज़िले में लगातार हो रही भारी बारिश के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। क्षेत्र के नदी-नालों में पानी का बहाव इतना तेज हो गया है कि पुलों के ऊपर से भी पानी बहने लगा है। इसी बीच मझवानी गांव के पास एक बड़ा हादसा हो गया, जब एक कोयला लदा ट्रक तेज बहाव के बीच पुल पार करने की कोशिश में नीचे गिर गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बिलासपुर की ओर से आ रहा यह ट्रक जब पुल से गुजर रहा था, उसी समय पानी का बहाव बहुत तेज था। ड्राइवर ने खतरा मोल लेते हुए पुल पार करने की कोशिश की, लेकिन ट्रक पानी के साथ बहते हुए पुल से नीचे जा गिरा। हादसे में ट्रक में भरा कोयला बह गया। हालांकि समय रहते जेसीबी की मदद से ड्राइवर को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। इस पूरी घटना का वीडियो वहीं से गुजर रही एक बस के कंडक्टर ने अपने मोबाइल से रिकॉर्ड किया है, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। गौरतलब है कि पिछले चार-पांच दिनों से बिलासपुर संभाग के कई हिस्सों में भारी बारिश हो रही है। इसका असर पहाड़ी इलाकों में ज्यादा देखा जा रहा है, जहाँ नदी-नाले उफान पर हैं। साथ ही बिलासपुर से जबलपुर के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण कार्य भी बारिश की वजह से प्रभावित हुआ है। निर्माण में लापरवाही के कारण कई जगह सड़कें धंस गई हैं और कुछ पुल-पुलियाएं क्षतिग्रस्त हो गई हैं।

## धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान में बन रहे आयुष्मान कार्ड

### रायगुड़ा, सालातोंग, दुलेड़ और गोलापल्ली में शिविर की तिथि निर्धारित

**सुकमा ।** कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार नियद नेल्लानार योजनान्तर्गत चयनित ग्रामों एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं सुविधाओं से ग्रामीणों को लाभान्वित किये जाने हेतु सुविधा शिविर एवं धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में शिविर में ग्रामीणों के आयुष्मान कार्ड और वय वंदन आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। आयोजन के सफल

क्रियान्वयन हेतु 08 जुलाई से 31 जुलाई तक चिन्हांकित स्थानों में सुविधा शिविर का आयोजन किया जायेगा।

शिविर में स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के द्वारा आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं शहीद वीर नारायण स्वास्थ्य सहायता योजना अंतर्गत आयुष्मान



कार्ड बनाया जा रहा है। आयुष्मान कार्ड के द्वारा परिवार में प्रत्येक सदस्य को पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज सुविधा उपलब्ध कराती है। इसके साथ ही वय वंदना कार्ड योजना के अंतर्गत 70 से अधिक उम्र के बुजुर्गों को प्रति व्यक्ति 5 लाख रुपये की मुफ्त इलाज सुविधा प्रदान करती है।

जारी आदेशानुसार कोंटा विकासखंड में 8 जुलाई से 10 जुलाई तक रायगुड़ा में शिविर लगाया जाएगा जिसमे चिमलीपेंटा, सुरपनगुड़ा और मोरपल्ली के ग्रामीण शामिल होंगे। इसी प्रकार 15 जुलाई से 17 जुलाई तक

## मानवता की मिसाल बने गुड सेमेरिटन, पुलिस ने किया सम्मानित

**धमतरी।** सड़क हादसों में घायलों की मदद कर उनकी जान बचाने वाले पांच जागरूक और साहसी नागरिकों को आज धमतरी पुलिस द्वारा गुड सेमेरिटन के रूप में सम्मानित किया गया। पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार ने अपने कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में इन सभी नागरिकों को सम्मान पत्र प्रदान कर उनकी सराहना की। इन सभी गुड सेमेरिटन नागरिकों ने अलग-अलग घटनाओं में घायल व्यक्तियों की न केवल तत्परता से सहायता की, बल्कि हाईवे पेट्रोलिंग और एम्बुलेंस सेवा को समय पर सूचना देकर घायलों को अस्पताल पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई।

**सम्मानित नागरिकों की सूची इस प्रकार है:** टिकेश्वर साहू (26), पीपरछेड़ीः 06 दिसंबर 2024 को भखारा गेट के पास ट्रक और पिकअप की टक्कर में घायल तीन लोगों की मदद की।

राज किरण सेन (30), अछोटाः 23 अप्रैल 2025 को ऋञ्चह ऑफिस के पास



नशे में घायल व्यक्ति को देखकर तुरंत मदद पहुंचाई। ओम चक्रधारी (32), सिलीडीहः 06 जनवरी 2025 को कार और मोटरसाइकिल की टक्कर में घायल तीन लोगों को 108 एम्बुलेंस की सहायता से अस्पताल पहुंचाया। थानूराम साहू (35), भठेलीः 04 जनवरी 2025 को ट्रक दुर्घटना में घायल चालक को तत्काल सहायता दी। राजू राजपूत (43), इंद्रा नगर कुरूदः 11 मई 2025 को दो मोटरसाइकिलों की टक्कर में घायल तीन व्यक्तियों को पानी पिलाकर, सड़क से हटाया और पेट्रोलिंग टीम को सूचना देकर अस्पताल भिजवाया। इस अवसर पर यातायात प्रभारी उप निरीक्षक खेमराज साहू, प्रधान आरक्षक जितेन्द्र कृदत्त तथा हाईवे पेट्रोलिंग के स्टाफउपस्थित थे।

### पुलिस अधीक्षक ने कहाः

इन नागरिकों ने न केवल साहस का परिचय दिया, बल्कि समाज के सामने एक प्रेरणास्पद उदाहरण भी प्रस्तुत किया है। ऐसे कार्य समाज को एकजुट करते हैं और यह साबित करते हैं कि मानवता अभी भी जीवित है।

### धमतरी पुलिस की अपीलः

सड़क दुर्घटनाओं के समय घायल व्यक्ति की मदद करना न केवल एक नैतिक जिम्मेदारी है, बल्कि कानूनी रूप से भी पूर्णतः सुरक्षित है। समाज के हर व्यक्ति को गुड सेमेरिटन बनकर आगे आना चाहिए।

## इलाज में लापरवाही से गई मासूम की जान, परिजनों में आक्रोश

**बलरामपुर।** बलरामपुर जिले के रघुनाथनगर सिविल अस्पताल में इलाज में घोर लापरवाही का मामला सामने आया है, जहां एक 7 वर्षीय बच्चे की सांप के काटने से मौत हो गई। यह घटना रविवार देर शाम की है, जब बच्चा सर्पदंश का शिकार होकर अस्पताल लाया गया था। परिजनों का आरोप है कि समय पर इलाज न मिलने की वजह से मासूम ने दम तोड़ दिया। परिजनों के अनुसार, जब वे पहले एक निजी क्लीनिक लेकर गए, तो वहां के डॉक्टर ने यह सुनते ही कि बच्चा सांप के काटने का शिकार हुआ है, उसे तुरंत सिविल अस्पताल रेफर कर दिया। लेकिन तब तक बच्चे की हालत बेहद खराब हो चुकी थी। सिविल अस्पताल पहुंचने



के कुछ देर बाद ही उसकी मौत हो गई। इस हादसे के बाद गम में डूबे परिवार का गुस्सा फूट पड़ा। उनका कहना है कि वे समय पर अस्पताल पहुंचे थे, लेकिन वहां डॉक्टर मौजूद नहीं थे। यदि बच्चे का तुरंत इलाज होता, तो शायद उसकी जान बचाई जा सकती थी। उन्होंने यह भी कहा कि सिविल अस्पताल में डॉक्टरों की अनुपस्थिति की यह कोई पहली घटना नहीं है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी गई है। पीड़ित परिवार ने इस संबंध में रघुनाथनगर थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बसंत सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच कर दोषियों के खिलाफसख्त कार्रवाई का भरोसा दिलाया है। मामले में अब सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि जब बच्चे को समय रहते अस्पताल लाया गया था, तो उसे सरकारी एंबुलेंस से निजी क्लीनिक क्यों भेजा गया? और अगर सिविल अस्पताल में तत्काल इलाज की सुविधा नहीं थी, तो उसे सीधे मेडिकल कॉलेज रेफर क्यों नहीं किया गया? यह दुखद घटना सरकारी अस्पतालों की लचर व्यवस्था की पोल खोलती है।

## आकाशीय बिजली से बचाव के लिए जिला प्रशासन ने जारी की महत्वपूर्ण सावधानियाँ और राहत संबंधी जानकारी

### सतर्कता बरतने के साथ जानकारी ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाने की अपील की

**जशपुरनगर ।** बरसात के मौसम में आकाशीय बिजली गिरने का खतरा बना रहता है। इससे बचाव के लिए कलेक्टर श्री रोहित व्यास ने आम नागरिकों से सतर्क रहने और आवश्यक सावधानियाँ अपनाने की अपील की है और कहा है की बिजली एक शक्तिशाली प्राकृतिक घटना है, लेकिन यदि हम सतर्क और तैयार रहें, तो जानमाल का नुकसान कम किया जा सकता है। जिला प्रशासन ने जानकारी देते हुए बताया है कि बिजली कड़कने पर तुरंत सुरक्षित जगह जाएं सबसे



सुरक्षित जगह पक्का मकान होता है, अगर खुले में हैं और कहीं नहीं जा सकते, तो झुक कर बैठें (पैर साथ रखें), लेकिन ज़मीन पर सीधे नहीं लेटें, बिजली से चलने वाले उपकरण टीवी, कंप्यूटर, मोबाइल चार्जर आदि को तुरंत अनप्लग कर दें, पेड़ों और धातु की चीज़ों से दूर रहें, पेड़ के नीचे खड़े न हों बिजली अक्सर ऊंची चीजों पर गिरती है, बिजली के खंभों, तारों और लोहे के औजारों से दूर रहें, घरों में लाइटनिंग रॉड तड़ित चालक लगवाना एक वैज्ञानिक और सुरक्षित उपाय है। इसके साथ ही नजदीकी अस्पताल, आशा कार्यकर्ता और ग्राम पंचायत, तहसील अधिकारी का नंबर अपने पास रखें।भारतीय मौसम विभाग की चेतावनियां रेडियो, मोबाइल या दामिनी ऐप से प्राप्त करें। जिला प्रशासन द्वारा आकस्मिक स्थिति के लिए जिला नियंत्रण कक्ष स्थापित कर संपर्क के लिए 07763223732 नंबर जारी किया गया है। इसके अलावा 108 एम्बुलेंस से तत्काल संपर्क किया जा सकता है। जिला प्रशासन ने सतर्कता बरतते हेतु अपील की है कि जब तक बहुत जरूरी न हो खुले में मोबाइल का उपयोग न करें , खुले मैदान, तालाब या नदी के पास खड़े न रहें, बारिश के दौरान मोटरसाइकिल या साइकिल न चलाएं, बिजली बंद होने के 30 मिनट बाद तक बाहर न जाएं।

## एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण कार्यक्रम, जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने किया पौधारोपण

### भारत स्काउट गाइड संघ द्वारा प्रदेशव्यापी पौधरोपण अभियान

**महासमुंद।** भारत स्काउट गाइड संघ द्वारा प्रदेशव्यापी पौधरोपण अभियान के अंतर्गत आज महासमुंद जिले के स्काउट गाइड जिला प्रशिक्षण परिसर (डीईओ कार्यालय) में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में एक पेड़ मां के नाम की भावना के साथ सभी उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं स्काउट गाइड के सदस्यों ने बेल, नीम, कदंब के पौधे लगाए। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, भारत स्काउट गाइड संघ के जिला अध्यक्ष येतराम साहू, जिला हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष प्रदीप चंद्राकर, नगरपालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, कलेक्टर विनय लंगेह, जिला पंचायत सीईओ एस. आलोक, राकेश चंद्राकर, आनंद साहू, जिला शिक्षा अधिकारी विजय लहरे, पूर्व डीईओ श्रीमती चंद्रसेन सहित स्काउट गाइड स्टाफ छात्र-छात्राएं एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ बीज निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर ने कहा कि वृक्षारोपण से न केवल पर्यावरण की सुरक्षा होती है, बल्कि यह हमारी अगली पीढ़ी को एक स्वच्छ और हरित वातावरण देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रधानमंत्री जी का यह बहुत बड़ा अभियान है, जिसमें हर नागरिक की भागीदारी जरूरी है। हमें इसे जन आंदोलन का रूप देना है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्काउट गाइड संघ के जिला अध्यक्ष येतराम साहू ने कहा कि पेड़ लगाना ही पर्याप्त नहीं है, हमें पेड़ को संरक्षित करना और उसका पालन-पोषण भी करना चाहिए। जब पेड़ सुरक्षित रहेंगे तभी हमारा पर्यावरण संतुलित रहेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री के पर्यावरण संरक्षण अभियान की सराहना करते हुए सभी को अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने एवं उन्हें संरक्षित रखने का आह्वान किया। कलेक्टर विनय लंगेह ने भी वृक्षों के महत्व पर विचार रखते हुए कहा कि हमें विकास के साथ पर्यावरण की भी चिंता करनी चाहिए। अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनके संरक्षण की जिम्मेदारी स्वयं लेनी होगी। साथ ही जल संरक्षण के लिए रेन वाटर रिचार्जिंग और घरों में सोखता गड्ढा बनाना आवश्यक है। पानी बचाकर ही हम आने वाले समय को सुरक्षित रख सकते हैं। कार्यक्रम के माध्यम से वृक्षारोपण एवं जल संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया गया। सभी प्रतिभागियों ने एक पेड़ मां के नाम से पौधे लगाकर उन्हें सुरक्षित रखने का संकल्प लिया।

# खरगे का भाजपा पर तीखा हमला : बोले- मोदी सरकार दो बैसाखियों पर टिकी है



**रायपुर ।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित किसान-जवान-संविधान जनसभा में भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। खरगे ने कहा कि रायपुर से शुरू हुई सामाजिक न्याय की आवाज ने 2024 में मोदी सरकार के घमंड को चूर-चूर कर दिया। उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा, आज मोदी सरकार दो बैसाखियों ङ्क नीतीश कुमार और तेलुगु देशम पार्टी - के सहारे चल रही है। इनमें से कोई एक भी साथ छोड़ दे, तो सरकार गिर जाएगी। बारिश के बावजूद भारी संख्या में जनसभा में जुटे लोगों का धन्यवाद करते हुए खरगे ने कहा, यहां इतनी बारिश में भी आपकी उपस्थिति साबित करती है कि आप कांग्रेस के साथ हैं। जब आप साथ हैं, तो हमें कोई नहीं हरा सकता।

**छत्तीसगढ़ के लोगों के साथ हुआ अन्याय**

अपने भाषण में खरगे ने केंद्र सरकार पर छत्तीसगढ़ के किसानों और जवानों को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार ने प्रदेश के लोगों से वादे तो किए, लेकिन उन्हें निभाया नहीं। यह सरकार झूठे वादों की सरकार है, और मैं इन्हें झूठों का सरदार कहता हूं, खरगे ने तीखे स्वर में कहा। उन्होंने सवाल उठाया कि डबल इंजन सरकार कैसी होती है, जब एक इंजन बड़ा और दूसरा छोटा हो ङ्क तो गाड़ी कैसे चलेगी?

अमित शाह बार-बार छत्तीसगढ़ क्यों आते हैं?

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर तंज कसते हुए खरगे बोले, शाह बार-बार छत्तीसगढ़ क्यों आते हैं? क्या यह उनका घर या ससुराल है? उन्होंने राज्य सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि भाजपा का मुख्यमंत्री दिल्ली के इशारे पर चलता है ङ्क कहो बैठो, तो बैठ जाता है, कहो उठो, तो उठ जाता है।

प्रदेश पर बढ़ रहा कर्ज

कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार कर्ज के बोझ से प्रदेश को दबा रही है। उन्होंने कहा कि 2025-26 तक सरकार 47 हजार करोड़ रुपये का कर्ज लेने जा रही है, जो चिंता का विषय है। हमारे शासन में एक रुपया कर्ज बढ़ता था तो विरोध होता था। अब लोग चुप क्यों हैं? उन्होंने सवाल उठाया।

**पहलगाम हमले पर पीएम की चुप्पी शर्मनाक**

हाल ही में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले का जिक्र करते हुए खरगे ने कहा कि दो बार बैठक बुलाई गई, लेकिन प्रधानमंत्री उसमें शामिल नहीं हुए। उन्होंने इसे देश के लिए अपमानजनक बताया और कहा कि पीएम का ऐसा व्यवहार दुर्भाग्यपूर्ण है।

भूपेश बघेल ने भी बोला हमला

सभा में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी भाजपा सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि प्रदेश में स्कूल खुल गए हैं, लेकिन बच्चों को अब तक किताबें और कॉपियां नहीं मिलीं। किसानों को खाद तक नहीं मिल पा रहा है, जबकि प्रधानमंत्री विदेश यात्राओं में व्यस्त हैं। उन्होंने केंद्र पर किसानों को नकली खाद देने और 21 क्विंटल धान खरीदी के वादे से पीछे हटने का आरोप लगाया।

बघेल ने बस्तर की स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा कि वहां 35 से 40 हजार युवा नक्सलवाद के डर से क्षेत्र छोड़ने को मजबूर हैं।

# कांवड़ यात्रा की तैयारियों में जुटा सूरजपुर, अर्धनारीश्वर देवगढ़ धाम में होगा भव्य आयोजन



सूरजपुर। उत्तर वाहिनी रेणुका नदी के तट पर स्थित प्राचीन अर्धनारीश्वर शिवलिंग देवगढ़ धाम में इस वर्ष भी महाशिवरात्रि के एक दिन पूर्व, 22 जुलाई को पारंपरिक कांवड़ पदयात्रा का आयोजन किया जा रहा है। सूरजपुर छठ घाट से हजारों शिवभक्त जल लेकर देवगढ़ के लिए पदयात्रा पर निकलेंगे। यह यात्रा पिछले 33 वर्षों से लगातार धार्मिक आस्था और परंपरा का प्रतीक बनी हुई है।

मां कुदरगढ़ी सेवा परिवार के तत्वावधान में इस आयोजन की तैयारियां जोरों पर हैं। छठ घाट से लेकर देवगढ़ धाम तक के मार्ग की साफ-सफाई, ठहराव स्थलों और सेवा केंद्रों की व्यवस्था लगभग पूर्ण कर ली गई है। पूरे मार्ग पर जलपान, भोजन और विश्राम की व्यवस्था इस वर्ष भी समाजसेवियों व स्थानीय समितियों के सहयोग से की जा रही है।

**रेणुका नदी तट :** अनूप गोयल, अरुण गुप्ता, बसंत मिश्रा और कुंजबिहारी गुप्ता। मानपुरः द्वारिका प्रसाद साहू व फल विक्रेता संघ, लांचीः लालचंद अग्रवाल व अशोक अग्रवाल (अशोक पेट्रोल पंप)

**केतकाः** मेसर्स बैजनाथ अग्रवाल व अवधेश अग्रवाल, महंगईः विजय कुमार, शंकर अग्रवाल व दुर्गा प्रसाद देवगढ़ धाम पर विशेष व्यवस्था रात्रि भोजन की जिम्मेदारी मां कुदरगढ़ी सेवा परिवार ने ली है। शाम को गर्म जलपान राहुल अग्रवाल टिंकू, आलोक, विकास, नैतिक अग्रवाल व उनकी टीम द्वारा कराया जाएगा। सुबह का नाश्ता व जलपान विकास अग्रवाल (अम्बिकापुर) द्वारा कराया जाएगा।

शिवरात्रि की रात विशेष भजन संध्या और झांकियां

देवगढ़ धाम में भोलेनाथ की जगराता संध्या का आयोजन किया जाएगा, जिसमें देशभर से आए कलाकार भक्ति रस में डूबो देंगे। कार्यक्रम में प्रस्तुति देने वालों में शामिल हैं :- स्नेहा सरगम (देवघर, झारखंड), विवेक ताम्रकार (रायपुर), ओम अग्रहरि (बैकुण्ठपुर), अंजली यादव (मध्यप्रदेश), अविनाश पुरी (सूरजपुर), पुनित एंड ग्रुप (जबलपुर) यह आयोजन पूरी रात भक्तों को शिव भक्ति में रमाने वाला होगा।

# युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया से स्कूलों को मिले स्थायी शिक्षक

## शैक्षणिक वातावरण होगा मजबूत और बच्चों को मिलेगी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा



**सुकमा ।** प्रदेश में नई शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप शिक्षा व्यवस्था को सशक्त और संतुलित बनाने के लिए शिक्षक युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया से जिले में सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की दूरदर्शी सोच और मार्गदर्शन में शिक्षक विहीन और एकल शिक्षक वाले विद्यालयों में शिक्षकों की पदस्थापना सुनिश्चित हुई है। जिससे विद्यार्थियों को नियमित, गुणवत्तापूर्ण और विषय विशेषज्ञ शिक्षकों से शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिल रहा है।

छिंदगढ़ के विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री कमलेश श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि छिंदगढ़ विकासखंड में कुल 390 शासकीय विद्यालय संचालित हैं, जिनमें 288 प्राथमिक स्कूल, 82 माध्यमिक स्कूल,13 हाई स्कूल और 07 हायर सेकेण्डरी स्कूल शामिल हैं। उन्होंने बताया कि युक्तियुक्तकरण से पूर्व विकासखंड में 08 विद्यालय शिक्षक विहीन था और 96 विद्यालय एकल शिक्षक पर संचालित हो रहे थे। शासन द्वारा शिक्षकों की युक्तियुक्तकरण की पारदर्शी प्रक्रिया से इन विद्यालयों में शिक्षकों की पदस्थापना सुनिश्चित की गई, जिससे अब छात्र-छात्राओं को नियमित और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल रही है।छत्तीसगढ़ शासन की इस पहल से शिक्षक युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया के माध्यम से विद्यालयों में शिक्षकों की संतुलित उपलब्धता सुनिश्चित हुई है, जिससे शैक्षणिक वातावरण सुदृढ़ होगा और यह शिक्षा के स्तर को नई ऊंचाई तक पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

# शराब घोटला मामला : 28 आबकारी अधिकारियों को कोर्ट में पेश होने नोटिस जारी



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित 2161 करोड़ रुपये के शराब घोटाले मामले में 28 आबकारी अधिकारियों के खिलाफ आर्थिक अपराध अन्वेषण शाखा (ईओडब्ल्यू) ने विशेष कोर्ट में करीब 2300 पन्नों का चालान पेश किया है, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया है। अब विशेष कोर्ट ने सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश होने का नोटिस जारी किया है।

बता दें कि शराब घोटाला मामले के सभी 28 आरोपियों का चालान कोर्ट में प्रस्तुत करने से पहले न्यायालय में पेश होने के लिए समन जारी किया गया था, लेकिन कोई भी आरोपी पेश नहीं हुए। इसके बाद अब ईओडब्ल्यू की विशेष कोर्ट ने सभी आरोपियों को नोटिस जारी कर 20 जुलाई को कोर्ट में पेश होने का निर्देश दिया है।अरविंद कुमार पाटले, उपायुक्त आबकारी, प्रमोद कुमार नेताम, सहायक आयुक्त आबकारी, रामकृष्ण मिश्रा, सहायक आयुक्त आबकारी, विकास कुमार गोस्वामी, सहायक आयुक्त आबकारी, इकबाल खान, जिला आबकारी अधिकारी, नितिन खंडुजा, सहायक जिला आबकारी अधिकारी नवीन प्रताप सिंह तोमर, सहायक आयुक्त आबकारी, मंजुश्री कसेर, सहायक आबकारी अधिकारी, सौरभ बख्शी, सहायक आयुक्त आबकारीदिनकर वासनिक, सहायक आयुक्त आबकारी, मोहित कुमार जायसवाल, जिला आबकारी अधिकारी, नीतू नोतानी ठाकुर, उपायुक्त आबकारी गरीबपाल सिंह दर्दी, जिला आबकारी अधिकारी, नोहर सिंह ठाकुर, उपायुक्त आबकारी,सोनल नेताम, सहायक आयुक्त आबकारी,प्रकाश पाल, सहायक आयुक्त आबकारी,अलेख राम सिदार, सहायक आयुक्त आबकारी, आशीष कोसम, सहायक आयुक्त आबकारी,ए.के. सिंह, जिला आबकारी अधिकारी (सेवानिवृत्त), राजेश जायसवाल, सहायक आयुक्त आबकारी, जे.आर. मंडावी, जिला आबकारी अधिकारी (सेवानिवृत्त)

जी.एस. नुरुटी, सहायक आयुक्त आबकारी (सेवानिवृत्त),देवलाल वैद्य, जिला आबकारी अधिकारी (सेवानिवृत्त),ए.के. अनंत, जिला आबकारी अधिकारी (सेवानिवृत्त),वेदराम लहरे, सहायक आयुक्त आबकारी (सेवानिवृत्त),एल.एल. ध्रुव, सहायक आयुक्त आबकारी (सेवानिवृत्त) शामिल है।तत्कालीन भूपेश बघेल सरकार में पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा, उनके बेटे यश टुटेजा और मुख्यमंत्री सचिवालय की तत्कालीन उपसचिव सौम्या चौरसिया के खिलाफ आयकर विभाग ने 11 मई 2022 को दिल्ली की तीस हजारी कोर्ट में याचिका दायर की थी। इसमें कहा गया था कि छत्तीसगढ़ में रिश्वतखोरी और अवैध दलाली का बड़ा नेटवर्क चल रहा है। इसमें रायपुर महापौर रहे एजाज ढेबर के भाई अनवर ढेबर के अवैध वसूली में शामिल होने का आरोप था। याचिका के आधार पर ईडी ने 18 नवंबर 2022 को पीएमएलए एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था। जांच में सामने आया कि 2161 करोड़ रुपये का घोटाला हुआ है। ईडी की चार्जशीट में बताया गया है कि कैसे अनवर ढेबर के आपराधिक सिंडिकेट के जरिए आबकारी विभाग में भारी भरकम भ्रष्टाचार हुआ। 2017 में आबकारी नीति में बदलाव कर सीएसएमसीएल के जरिए शराब बिक्री का प्रावधान किया गया, लेकिन 2019 के बाद अनवर ढेबर ने अरुणपति त्रिपाठी को सीएसएमसीएल का एमडी नियुक्त करवाया और अधिकारियों, व्यापारियों व नेताओं के गठजोड़ से घोटाले को अंजाम दिया गया।

## आईएएस यशवंत कुमार को मिला सचिव, खेल एवं युवा कल्याण विभाग का अतिरिक्त प्रभार



**रायपुर,** । राज्य शासन ने आईएएस यशवंत कुमार मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़ को उनके वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ सचिव, खेल एवं युवा कल्याण विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपता है । यशवंत कुमार, द्वारा सचिव, खेल एवं युवा कल्याण विभाग का कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से हिमशिखर गुप्ता, सचिव, श्रम विभाग सचिव, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, सचिव, गृह एवं जेल विभाग तथा श्रमायुक्त केवल सचिव, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त किया है। शेष प्रभार यथावत् रहेगा ।

# मैनपाट में शुरू हुआ भाजपा का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर, गोपनीयता के साए में चल रहे सत्र

**रायपुर/मैनपाट।** भारतीय जनता पार्टी का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर सोमवार से सरगुजा जिले के मैनपाट स्थित तिब्बती कैंप-01 में आरंभ हो गया है। इस विशेष आयोजन में पार्टी के सांसद, विधायक और मंत्रीगण भाग ले रहे हैं। पहले दिन भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा स्वयं शिविर में पहुंचे और प्रतिभागियों को दिशा-निर्देश दिए। शिविर की सबसे खास बात इसकी सख्त गोपनीयता है। सभी प्रतिभागियों के मोबाइल फोन शिविर स्थल के बाहर ही जमा करा लिए गए हैं। अंदर किसी भी तरह की रिकॉर्डिंग या संचार की अनुमति नहीं दी गई है। पूरी बैठक को निजी रखा गया है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि पार्टी इस सत्र को बेहद गंभीरता से ले रही है।



**कुल 12 सत्रों में होगा प्रशिक्षण**

सूत्रों के अनुसार, तीन दिवसीय शिविर में कुल 12 सत्र आयोजित किए जाएंगे। पहले दिन दो सत्रों का आयोजन किया गया है, जिनमें जेपी नड्डा के साथ संगठन मंत्री संतोष तावड़े और बी. सतीश ने प्रशिक्षण दिया। दूसरे दिन छह सत्र प्रस्तावित हैं, जिनमें केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान मुख्य प्रशिक्षक की भूमिका निभाएंगे।

समापन दिवस पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष और राष्ट्रीय महामंत्री शिव प्रकाश मौजूद रहेंगे और पार्टी के नेताओं को मार्गदर्शन देंगे।

## सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद

शिविर में शीर्ष नेताओं की उपस्थिति को देखते हुए सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। सरगुजा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के अनुसार, मुख्यमंत्री, सांसद, विधायक और मंत्रियों की सुरक्षा के लिए तीन पुलिस अधीक्षक (स्क्क) और चार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (स्क्क) तैनात किए गए हैं। इसके अलावा, मैनपाट और आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा की दृष्टि से कुल 800 जवानों की तैनाती की गई है। विभिन्न स्थानों पर चेकपोस्ट और बेरियर लगाए गए हैं, जहां से होकर शिविर में जाने वालों को गुजरना पड़ रहा है। आगंतुकों को पुलिस की विशेष जांच प्रक्रिया से गुजरना अनिवार्य है।

# रायपुर में दुर्लभ हृदय सर्जरी से 70 वर्षीय मरीज को दी नई ज़िंदगी, गले की नस में था 95 प्रतिशत ब्लॉकेज

**रायपुर।** राजधानी रायपुर स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर स्मृति चिकित्सालय (अंबेडकर अस्पताल) के हार्ट, चेस्ट और वैस्कुलर सर्जरी विभाग में एक अत्यंत जटिल और जोखिमभरी सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम देकर 70 वर्षीय बुजुर्ग मरीज की जान बचाई गई। यह ऑपरेशन विभागाध्यक्ष डॉ. कृष्णकांत साहू और उनकी टीम द्वारा किया गया, जिसे राज्य की अपनी तरह की पहली सफल कैरोटिड एंडआर्टरेक्टॉमी सर्जरी बताया जा रहा है।

**गंभीर स्थिति में पहुंचे थे मरीज**

बालाघाट निवासी वृद्ध मरीज को पिछले दो वर्षों से बार-बार चक्कर आना, लकवे जैसे लक्षण, एक आंख से धुंधला दिखाई देना और सुनने में कठिनाई जैसी समस्याएं हो रही थीं। डॉक्टरों ने जांच में पाया कि मस्तिष्क तक रक्त पहुंचाने वाली दाहिनी *कैरोटिड आर्टरी* में 95 प्रतिशत तक अवरोध था, जिससे मस्तिष्क में रक्त प्रवाह बाधित हो रहा था।

**जटिल ऑपरेशन, जान का खतरा**

डॉ. साहू के अनुसार, यह सर्जरी जोखिम भरी थी क्योंकि ऑपरेशन के दौरान यदि किसी भी प्रकार का थक्का या हवा का बुलबुला मस्तिष्क में पहुंच जाता, तो मरीज को ब्रेन डेड होने का खतरा था। मरीज और परिजनों को यह जानकारी देने के बाद ही सहमति लेकर ऑपरेशन किया गया।



**विशेष तकनीक से हुआ उपचार**

सर्जरी के दौरान कैरोटिड शंट नामक एक विशेष उपकरण का इस्तेमाल किया गया ताकि ऑपरेशन के दौरान मस्तिष्क तक रक्त की आपूर्ति बनी रहे। ब्लॉकेज हटाने के बाद नस की मरम्मत बोवाइन पेरीकार्डियम पैच से की गई। पूरी प्रक्रिया सफल रही और मरीज अब स्वस्थ होकर जल्द डिस्चार्ज होने की स्थिति में है।डॉ. साहू के अनुसार, इस समस्या के उपचार के लिए कैरोटिड आर्टरी स्टेंटिंग एक विकल्प होता है, लेकिन कैरोटिड एंडआर्टरेक्टॉमी सर्जरी अपेक्षाकृत अधिक सुरक्षित और स्थायी समाधान मानी जाती है, खासकर तब जब ब्लॉकेज बहुत अधिक हो।

कैरोटिड आर्टरी वह मुख्य धमनी है जो गले से होते हुए मस्तिष्क तक रक्त पहुंचाती है। इसमें रुकावट मुख्यतः निम्न कारणों से होती हैः

0 धूम्रपान और तंबाकू का सेवन
0 उच्च रक्तचाप
0 अनियंत्रित मधुमेह
0 कोलेस्ट्रॉल का अधिक जमाव
0 उम्र बढ़ने के साथ धमनियों का सख्त होना

50 प्रतिशत तक ब्लॉकेज में लक्षण नहीं दिखते, लेकिन 70-80 प्रतिशत या उससे अधिक ब्लॉकेज पर लक्षण उभरते हैं, जैसेः चक्कर आना, एक आंख से दिखना बंद होना, मुंह टेढ़ा होना, बोलने में रुकावट, संतुलन में गड़बड़ी।

# भाजपा के प्रशिक्षण शिविर से पहले मैनपाट में पौधारोपण, पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**सरगुजा।** जिले के मैनपाट में भाजपा के तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर की शुरुआत से पहले पार्टी के नेताओं ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के लिए बायोडायवर्सिटी पार्क में पौधारोपण किया। शिविर में शामिल होने पहुंचे सांसद, विधायक, मंत्री और संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी मैनपाट पहुंचते ही सामूहिक रूप से वृक्षारोपण कार्यक्रम में शामिल हुए।

इस मौके पर भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल और प्रदेश संगठन महामंत्री सहित कई अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

यह प्रशिक्षण शिविर मैनपाट स्थित तिब्बती मॉनिस्ट्री हॉल में आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्घाटन भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा करेंगे। वे आज दोपहर दरिमा हवाई पट्टी पर पहुंचने के बाद सड़क मार्ग से मैनपाट आएंगे।

शिविर के पहले दिन जेपी नड्डा के साथ राष्ट्रीय संगठन मंत्री विनोद तावड़े और बी. सतीश प्रशिक्षण सत्रों में मार्गदर्शन देंगे। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, राज्य सरकार के सभी मंत्री, विधायक और सांसद शामिल होंगे। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस और जिला प्रशासन ने व्यापक तैयारियां की हैं।

संपादकीय

## ममता को कड़े कदम उठाने चाहिए

कोलकाता के विधि महाविद्यालय प्रथम वर्ष की छात्रा के साथ कथित रूप से वरिष्ठ छात्रों द्वारा दुष्कर्म का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। दक्षिण कोलकाता के इस परिसर में वह परीक्षा संबंधी प्रवेशपत्र भरने गई थी। मेडिकल जांच में सामूहिक रेप की पुष्टि होने के साथ ही एक सुरक्षाकर्मी गिरफ्तार किया गया। पीड़िता की शिकायत के अनुसार उसे जबरन यूनियन रूम में रोका गया और पूर्व छात्र व आपराधिक मामलों के वकील ने रेप किया। दो अन्य छात्रों ने घटना का वीडियो भी बनाया। शिकायतकर्ता ने बताया, दोषी के विवाह प्रस्ताव को वह पूर्व में ठुकरा चुकी थी। अभियुक्तों का संबंध तृणमूल कांग्रेस छात्र परिषद से बताया जा रहा है। विपक्ष का आरोप है कि शैक्षणिक संस्थाओं में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस का दबदबा है। मुख्य आरोपी मनोजित के खिलाफ पहले भी कई विवाद सामने आने के बावजूद उसे कॉलेज में अस्थाई नौकरी मिलने के पीछे राजनीतिक संरक्षण बताया जा रहा है।



## हमारा शौक अंगारों पर चलने का ।

उसे थोड़ा जाना पहचाना बना दे
फिर चाहे तो उसे अंजाना बना दे।

शहर का यह चौराहा है यहीं पर
मेरे हिस्से का मयखाना बना दे।

शालिका ए जिंदगी जिसको न आये
इश्क उसको भी आज दाना बना दे।
(दाना-समझदार,बुद्धिमान,)

हुनर लफ़्ज़ों का उनको बहुत आता है
हकीकत को बड़ा अफसाना बना दे।
(अफसाना-कहानी,किस्सा,)

हमारा शौक है अंगारों पर चलने का
मौला मुझे गमों से अंजाना बना दे।

कह दो अब पुजारी से यह संजीव
तेरे हर रास्ते में बुत खाना बना दे।
(बुतखाना- मंदिर, पूजाघर,)
**- संजीव ठाकुर द्वारा ।**

QR CODE SCAN
कर प्रेमेन्द्र अग्रवाल द्वारा लिखित पुस्तकें पढ़िये ऑनलाईन

PM : 2024 - Vishwa Sarkar Ka Vikalp
Modimaya_ Vaidik_Netritva
Rashtriya Ekta
DLF-Vadra- Bhrasht Tantra
Silent Assassins Jan11,1966
Accursed & Jihadi Neighbour

# पर्यावरण के रचनात्मक प्रशासन के जरिए सतत् हरित बदलाव



भूपेंद्र यादव
केन्द्रीय मंत्री भारत सरकार

पर्यावरण कुजनेट्स वक्र (एनवायरनमेंट कुजनेट्स कर्व) से हासिल पर्यावरण के प्रशासन से जुड़ा पारंपरिक ज्ञान यह मानता है कि देश पहले विकास करते हैं और बाद में सफाई में जुटते हैं। यह अनुभवजन्य अंतर्दृष्टि अब विकसित हो चुके उन देशों के अनुभवों से प्रेरित है, जिन्होंने विकास की प्रक्रिया में संसाधन संबंधी जरूरतों को पूरा करने हेतु देश और विदेश में प्राकृतिक पर्यावरण का दोहन किया। लेकिन ऐसी सुविधा भारत जैसे देशों को नसीब नहीं है, जिन्हें अपनी विशाल आबादी की विकास संबंधी आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए अभी भी तेज गति से विकास करने की जरूरत है।

जब 2014 में एनडीए सत्ता में आई, तो चुनौती हमारे दूरदर्शी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मूल सिद्धांतों - सुधार, प्रदर्शन और बदलाव - पर आधारित विकास एवं प्रगति को गति देने की थी। इन सिद्धांतों में जरूरत के हिसाब से पर्यावरण की सुरक्षा के सख्त उपायों से समझौता किए बिना 'व्यवसाय करने में आसानी' की सुविधा प्रदान करते हुए तेजी गति से विकास करना शामिल था। आज 2025 में, हम न सिर्फ इस चुनौती से निपट पाने में सफल रहे हैं बल्कि हमने शासन का एक ऐसा मॉडल तैयार किया है जिसे सारी दुनिया ने माना है। प्रधानमंत्री मोदी का दृष्टिकोण बिल्कुल साफ था-इस प्रणाली को एक ऐसी प्रणाली में बदला जाए जो इकोलॉजी और अर्थव्यवस्था दोनों के लिए फायदेमंद हो।

वर्ष 2014 में 'स्वच्छ भारत मिशन' की शुरुआत हमारी पहली बड़ी पहल थी। यह पहल स्वच्छता से आगे बढ़कर कचरे के प्रबंधन व पर्यावरण के संरक्षण के लिए एक व्यापक ढांचा स्थापित करने तक जा पहुंची। इस मिशन ने पर्यावरण से जुड़ी चिंताओं को सामाजिक विकास के साथ जोड़ने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाया। इस मिशन ने सभी नागरिकों को शामिल करते हुए एक जन आंदोलन के रूप में शुरू किया गया था और एक स्वच्छ एवं संसाधन के मामले में अपेक्षाकृत अधिक कुशल भारत की चाहत को आगे बढ़ाया गया था। विभिन्न शहरों में नागरिकों को पारदर्शी तरीके से वास्तविक समय में वायु की गुणवत्ता की निगरानी से जुड़ी सुविधा प्रदान करने के तुरंत बाद राष्ट्रीय वायु गुणवत्ता सूचकांक का शुभारंभ किया गया।

वर्ष 2014 में शुरू की गई 'मेक इन इंडिया' पहल में भी कड़े पर्यावरण अनुपालन मानकों को शामिल किया गया। इससे यह साबित हुआ कि हम इकोलॉजी की स्थिरता को बनाए रखते हुए मैन्युफैक्चरिंग को अपेक्षाकृत बड़े पैमाने पर और तेज गति से बढ़ावा दे सकते हैं। ऊर्जा संबंधी दक्षता को बढ़ावा देने और ऊर्जा पर आधारित अधिक संख्या में उद्योगों को शामिल करने के उद्देश्य से 2015 में प्रदर्शन, उपलब्धि और व्यापार (पीएटी) योजना का विस्तार किया गया। इससे ऊर्जा संबंधी दक्षता के लिए एक बाजार-आधारित तंत्र का निर्माण हुआ।

कचरे के कारगर प्रबंधन, संसाधन संबंधी दक्षता में बढ़ोतरी और चक्रीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 2016 से कचरे के प्रबंधन के सभी प्रमुख नियमों को नियमित रूप से अद्यतन किया जा रहा है। इस दृष्टिकोण का बुनियादी सिद्धांत बाजार आधारित तंत्र और प्रदूषक द्वारा भुगतान के सिद्धांत पर आधारित विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व से जुड़े ढांचे पर निर्भरता में निहित है। प्लास्टिक कचरा प्रबंधन नियम, ई-कचरा प्रबंधन नियम तथा टायर, बैटरी एवं प्रयुक्त तेल अपशिष्ट प्रबंधन नियम आदि इन्हीं सिद्धांतों के आधार पर तैयार किए गए थे। इससे एक ऐसे इकोसिस्टम का निर्माण हुआ, जिसके तहत विभिन्न सामग्रियों के लगभग 4,000 पुनर्चक्रणकर्ताओं को पंजीकृत पुनर्चक्रणकर्ताओं के रूप में अनौपचारिक क्षेत्र से हटाकर औपचारिक क्षेत्र में लाया गया है। इस कदम से वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान 1600 करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ है। वर्ष 2022 में शुरू किए गए विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व (ईपीआर) पोर्टल चक्रीय अर्थव्यवस्था की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान, कुल 61,055 उत्पादकों ने प्लास्टिक पैकेजिंग, ई-कचरा, बेकार टायर, बैटरी के कचरे और प्रयुक्त तेल के क्षेत्र में काम करने हेतु ईपीआर पोर्टल पर पंजीकरण कराया है। अपशिष्ट नियम, 2022 के प्रकाशन और ईपीआर पोर्टल की शुरुआत के बाद, शोधित अपशिष्ट की मात्रा वित्तीय वर्ष 2024-25 में इन नियमों के प्रकाशन से पहले 3.6 एमएमटी प्रति वर्ष की तुलना में बढ़कर 127.48 एमएमटी प्रति वर्ष हो गई है। यह सभी हितधारकों के सहयोग एवं समर्थन से संभव हुआ है।

प्रक्रियागत देरी में कमी लाने और एक व्यापक पर्यावरणीय मूल्यांकन करने के उद्देश्य से 2018 में 'परिवेश' (प्रो-एक्टिव एंड रिस्पॉन्सिव फैसिलिटेशन बाई इंटरएक्टिव, वर्चुअस एंड एनवायरनमेंटल सिंगल-विंडो हब) नाम के एक ऑनलाइन आईटी टूल का शुभारंभ किया गया। प्रधानमंत्री मोदी के 'डिजिटल इंडिया' के विजन को साकार करते हुए, इस डिजिटल प्लेटफॉर्म ने व्यवसाय जगत और पर्यावरण नियामकों के बीच के संवाद में क्रांतिकारी बदलाव ला दिया है। 'परिवेश' ने पर्यावरण संबंधी मंजूरी की बोझिल एवं कागज-आधारित प्रक्रिया को एक सुव्यवस्थित एवं मजबूत डिजिटल अनुभव में बदल दिया है। इस दृष्टिकोण ने जहां पर्यावरण से जुड़े सख्त मूल्यांकन को बनाए रखा है, वहीं इस प्रक्रिया में लगने वाले समय में काफी कमी ला दी है और पारदर्शिता को बढ़ाया है।

वर्ष 2019 में शहरों पर केन्द्रित कार्य योजनाओं से लैस 'राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम' (एनसीएपी) के आधिकारिक शुभारंभ ने हमें नीति निर्माता एवं नियामक से बदलकर अमल करने वाला बना दिया है। एनसीएपी का लक्ष्य 2025-26 तक पीएम10 सांद्रता में 40 प्रतिशत की कमी लाना या आधार वर्ष 2017-18 की तुलना में 60 माइक्रोग्राम प्रति घनमीटर के राष्ट्रीय मानक को हासिल करना है। एनसीएपी के साथ-साथ सीपीसीबी ने एनसीएपी के तहत आने वाले 131 शहरों में वायु की गुणवत्ता के रुझान की बारीकी से निगरानी करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इससे वायु की गुणवत्ता निरंतर बेहतर हुई है। वर्ष 2021 में, गैर-प्राप्ति वाले शहरों में वायु गुणवत्ता के नियमन हेतु पोर्टल (पीआरएएनए) को कागज रहित परियोजना प्रबंधन के एकल बिंदु वाले वेब-आधारित उपकरण के रूप में शुरू किया गया। इससे स्वच्छ वायु से जुड़े उपायों के कार्यान्वयन की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति पर नजर रखना संभव हो सकेगा।

1 जुलाई, 2022 से एकल उपयोग वाले प्लास्टिक पर प्रतिबंध और 31 दिसंबर 2022 से 120 माइक्रोन से अधिक मोटाई वाली प्लास्टिक शीट पर प्रतिबंध ने जहां पर्यावरण के क्षेत्र में साहसिक नेतृत्व का परिचय दिया, वहीं उसी वर्ष शुरू किए गए 'जल जीवन मिशन' ने पानी की सुलभता को पर्यावरणीय स्थिरता के साथ जोड़ा।

एक व्यापक 'भारत शीतलन कार्य योजना' विकसित करके भारत दुनिया के अग्रणी देशों में शामिल हो गया है। इस कार्य योजना में विभिन्न क्षेत्रों की शीतलन संबंधी जरूरतों को पूरा करने वाले एक दीर्घकालिक दृष्टिकोण समावेश है तथा इसमें ऐसे कार्यों की सूची दी गई है, जो शीतलन से जुड़ी मांग को कम करने में सहायक हो सकते हैं। विभिन्न क्षेत्रों में शीतलन की जरूरत होती है तथा यह आर्थिक विकास का एक अनिवार्य हिस्सा है। आवासीय एवं वाणिज्यिक भवन, कोल्ड-चेन, प्रशीतन, परिवहन और उद्योग जैसे अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में इसकी जरूरत पड़ती है।

भारत ने हाइड्रोफ्लोरोकार्बन (एचएफसी) के उत्सर्जन में चरणबद्ध तरीके से कमी लाने हेतु 27 सितंबर 2021 को मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल में किगाली संशोधन का अनुमोदन किया। इसके तहत 2032 से आगे चार चरणों में चरणबद्ध तरीके से इस कार्य को पूरा करने की प्रतिबद्धता जताई गई है और 2032, 2037, 2042 एवं 2047 में उत्सर्जन में क्रमशः 10 प्रतिशत, 20 प्रतिशत, 30 प्रतिशत और 85 प्रतिशत की कटौती की जाएगी।

वर्ष 2022 में पारित ऊर्जा संरक्षण (संशोधन) अधिनियम ने भारत की कार्बन क्रेडिट ट्रेडिंग योजना की स्थापना की। इससे उत्सर्जन में कमी से संबंधित बाजार आधारित तंत्र का निर्माण हुआ। ऊर्जा दक्षता ब्यूरो के तहत 2023 में हमारी कार्बन क्रेडिट ट्रेडिंग योजना का संचालन देश के पहले व्यापक कार्बन बाजार के निर्माण की राह में एक अहम पड़ाव है। 1 नवंबर 2021 को ग्लासगो में सीओपी26 के दौरान प्रधानमंत्री मोदी द्वारा घोषित 'मिशन लाइफ' (पर्यावरण के लिए जीवनशैली) मानव व्यवहार को प्रेरित करके टिकाऊ उपभोग पैटर्न को बढ़ावा देने वाला एक और अनुकरणीय कदम है।

कार्बन क्रेडिट के अलावा, 'ग्रीन क्रेडिट कार्यक्रम' के रूप में एक सकारात्मक उपाय की शुरुआत 2023 में संयुक्त अरब अमीरात में सीओपी28 के दौरान की गई ताकि पर्यावरण से संबंधित सकारात्मक कार्यों को पुरस्कृत किया जा सके और स्वैच्छिक पर्यावरणीय प्रबंधन को प्रेरित करने वाले प्रोत्साहनों का सृजन किया जा सके।

वर्ष 2024 में देश भर में भारत स्टेज 6 (बीएस-6) उत्सर्जन मानदंडों का पूर्ण कार्यान्वयन और टिकाऊ वित्त हेतु हमारे हरित कर प्रणाली (ग्रीन टैक्सोनॉमी) के ढांचे का विकास ऐसे कदम हैं जो स्वच्छ एवं हरित पर्यावरण के प्रति भारत की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। ये कदम इस बात को भी दर्शाते हैं कि पर्यावरण से जुड़ा प्रशासन कैसे तकनीकी उन्नति और वित्तीय नवाचार को बढ़ावा दे सकता है।

पर्यावरण के अनुकूल और गुणवत्ता वाले टिकाऊ उत्पादों के उत्पादन व उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, मंत्रालय ने ई(पी) अधिनियम, 1986 के तहत इकोमार्क नियम, 2024 को अधिसूचित किया है। इसमें उत्पादन और उपभोग की टिकाऊ पद्धतियों को प्रोत्साहित करने हेतु उत्पादों की 80 उप-श्रेणियों के साथ 17 व्यापक श्रेणियां शामिल की गई हैं और सीपीसीबी को प्रमुख प्रशासनिक एजेंसी के रूप में नामित किया गया है।

वर्ष 2018 में 'परिवेश' के शुभारंभ से लेकर 2024 में 'परिवेश 2.0' तक का विकास, पर्यावरण संबंधी प्रबंधन एवं निगरानी की प्रक्रिया में निरंतर तकनीकी व गुणात्मक सुधार के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। 'परिवेश 2.0' में जीआईएस से लैस एक आधुनिक निर्णय समर्थन प्रणाली और एक बेहतर पर्यावरणीय मूल्यांकन सुविधाओं का समावेश है। राष्ट्रीय एकल खिड़की प्रणाली में पर्यावरण संबंधी मंजूरी को समन्वित करने से व्यवसाय संबंधी अनुमोदन का एक 'वन-स्टॉप' डिजिटल प्लेटफॉर्म तैयार हुआ। इससे व्यवसाय करने में आसानी से जुड़ी विश्व बैंक की रैंकिंग में भारत का स्थान की नाटकीय रूप से बेहतर हुआ। भारत इस रैंकिंग में 2014 में 142वें स्थान से उछलकर 2020 में 63वें स्थान पर पहुंच गया। वर्ष 2014-2020 के बीच, हमने 2,115 आवेदनों में से लगभग 2,053 परियोजनाओं को पर्यावरण संबंधी मंजूरी प्रदान की जिससे आवेदनों को निपटाने की दक्षता में उल्लेखनीय सुधार हुआ। **यह निजी विचार है।**

# दुर्लभ खनिजों पर दुनिया को एकजुट करने की पहल, मोदी ने दी चीन को कूटनीतिक चुनौती

**दुर्लभ खनिजों पर दुनिया को एकजुट करने की पहल, मोदी ने दी चीन को कूटनीतिक चुनौतीरियो डी जेनेरो में आयोजित 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं की सुरक्षा और उसे भू-राजनीतिक दबाव से मुक्त रखने की ज़रूरत को जोरदार ढंग से उठाया। उनका यह भाषण ऐसे समय में आया है जब चीन विश्व की 90% से अधिक दुर्लभ खनिज प्रसंस्करण क्षमता पर नियंत्रण रखता है और हाल ही में इन संसाधनों के निर्यात पर प्रतिबंध जैसी कार्रवाइयों से उसने वैश्विक चिंताओं को जन्म दिया है।**



प्रधानमंत्री मोदी ने चीनी प्रधानमंत्री की उपस्थिति में यह चेतावनी दी कि रणनीतिक संसाधनों का ÷हथियारकरण÷ वैश्विक असंतुलन को जन्म देगा। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करना ज़रूरी है कि कोई भी देश इन संसाधनों का अपने निजी स्वार्थ या दूसरों के खिलाफहथियार के रूप में उपयोग न करे। हालांकि उन्होंने किसी देश का नाम नहीं लिया, परंतु संदर्भ और समय को देखते हुए यह टिप्पणी चीन के संदर्भ में एक अप्रत्यक्ष आलोचना के रूप में देखी जा रही है।

**प्रधानमंत्री के भाषण के मायने**

हम आपको बता दें कि चीन की दुर्लभ खनिजों पर पकड़ स्वच्छ ऊर्जा, इलेक्ट्रिक वाहनों, सेमीकंडक्टर और एआई जैसे भविष्य के उद्योगों को नियंत्रित करने का माध्यम बनती जा रही है। हाल में चीन द्वारा इन खनिजों के निर्यात पर लगाई गई पाबंदियों ने अमेरिका, यूरोप और भारत जैसे देशों को आपूर्ति श्रृंखलाओं की सुरक्षा को लेकर सचेत और चिंतित किया है। इसलिए प्रधानमंत्री मोदी ने ब्रिक्स मंच से अपने भाषण में यह स्पष्ट किया कि वैश्विक ऊर्जा संक्रमण और तकनीकी नवाचार के लिए क्रिटिकल मिनरल्सङ्क जैसे लिथियम, कोबाल्ट, निकेल और दुर्लभ मृदा तत्व अनिवार्य हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि इन खनिजों की आपूर्ति श्रृंखला कुछ देशों के एकाधिकार में है, जो वैश्विक असंतुलन का कारण बन सकता है। प्रधानमंत्री मोदी ने ब्रिक्स जैसे बहुपक्षीय मंचों से सामूहिक रूप से इस चुनौती से निपटने का आह्वान करते हुए कहा, ÷हमें मिलकर क्रिटिकल मिनरल्स और तकनीक की आपूर्ति श्रृंखला को सुरक्षित और विश्वसनीय बनाना होगा।÷

देखा जाये तो यह संदेश केवल चीन की नीति के विरोध में नहीं था, बल्कि ब्रिक्स के भीतर सहयोग और विविधीकरण के नए अवसरों को तलाशने की दिशा में एक सक्रिय पहल भी थी। इसलिए मोदी ने एक ÷ब्रिक्स क्रिटिकल मिनरल्स साझेदारी (BCMP)" की स्थापना का प्रस्ताव रखा, जिसके तहत सदस्य देश इन संसाधनों की खोज, निष्कर्षण और प्रसंस्करण में सहयोग कर सकें। साथ ही आपूर्ति श्रृंखलाओं को विविध और लचीला बनाया जा सके तथा ग्लोबल साउथ के देशों को तकनीकी और वित्तीय सहायता दी जा सके। भारत की यह पहल वैश्विक जलवायु लक्ष्य प्राप्ति के साथ-साथ घरेलू मैन्युफैक्चरिंग, विशेषकर इलेक्ट्रिक वाहन (EV) और सेमीकंडक्टर उद्योगों को बल देने की रणनीति का हिस्सा है।

साथ ही प्रधानमंत्री मोदी ने केवल खनिजों तक सीमित न रहकर वैश्विक शासन प्रणाली में भी व्यापक बदलाव की मांग की। उन्होंने कहा कि ÷अब समय आ गया है कि अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं 21वीं सदी की वास्तविकताओं को दर्शाएं और विकासशील देशों को सशक्त आवाज़ दें।÷ हम आपको बता दें कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (ह्रस्ट), ढ्ढरूस्न, विश्व बैंक और ड्ड्ढह्ल जैसे संस्थानों में सुधार की मांग भारत द्वारा लंबे समय से की जा रही है और यह भाषण उस नीति की निरंतरता है।

हम आपको यह भी बता दें कि भारत चीन की आपूर्ति पर निर्भरता को कम करने के लिए पहले से ही कई उपायों पर काम कर रहा है। इसके लिए ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका और अफ्रीका के देशों के साथ क्रिटिकल मिनरल्स पर साझेदारी की जा रही है। खनिज सुरक्षा साझेदारी जैसे अंतरराष्ट्रीय फ्रेमवर्क में भागीदारी की गयी है। साथ ही घरेलू स्तर पर दुर्लभ खनिजों की खोज और उत्पादन को बढ़ावा दिया जा रहा है। देखा जाये तो यह केवल आर्थिक सुरक्षा नहीं, बल्कि रणनीतिक आत्मनिर्भरता की दिशा में भी निर्णायक कदम है।

हम आपको यह भी बता दें कि पिछले सप्ताह अमेरिका में संपन्न क्वॉड देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में महत्वपूर्ण खनिजों की आपूर्ति सुनिश्चित करने और आपूर्ति श्रृंखलाओं को विविध बनाने के उद्देश्य से 'क्वाड क्रिटिकल मिनरल्स इनिशिएटिव' की शुरुआत करने पर भी सहमति बनी है। यह कदम आर्थिक सुरक्षा को मज़बूती देने की दिशा में एक व्यापक प्रयास का हिस्सा है, जो चीन द्वारा इस क्षेत्र में मूल्य हेरफेर समेत अन्य दबावयुक्त रणनीतियों की चिंताओं के मद्देनज़र उठाया गया है।

**ब्रिक्स की अध्यक्षता भारत के पास आयेगी** प्रधानमंत्री मोदी का ब्रिक्स मंच से दिया गया संदेश इस बात का प्रमाण है कि भारत अब भविष्य की सामरिक अर्थव्यवस्था के केंद्र में रहना चाहता है, वह केवल उपभोक्ता नहीं, बल्कि संचालक और नीति-निर्माता के रूप में उभर रहा है। चीन के खनिज प्रभुत्व के विरुद्ध सामूहिक वैश्विक सोच को आकार देने के लिए प्रधानमंत्री का यह भाषण एक निर्णायक मोड़ साबित होगा। हम आपको यह भी बता दें कि भारत अगले वर्ष ब्रिक्स की अध्यक्षता करेगा। प्रधानमंत्री ने इस संदर्भ में कहा है कि अगले वर्ष भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता में ÷मानवता सर्वप्रथम÷ दृष्टिकोण अपनाया जाएगा। उन्होंने कहा, ÷जिस प्रकार हमने अपनी अध्यक्षता के दौरान जी-20 को व्यापकता दी, एजेंडे में 'ग्लोबल साउथ' के मुद्दों को प्राथमिकता दी, उसी प्रकार ब्रिक्स की अध्यक्षता के दौरान हम इस मंच को जन-केंद्रित और मानवता सर्वप्रथम की भावना के साथ आगे ले जाएंगे।÷ उन्होंने कहा, ÷भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता के तहत, हम ब्रिक्स को एक नये रूप में परिभाषित करने के लिए काम करेंगे। ब्रिक्स का अर्थ होगा- सहयोग और स्थिरता के लिए लचीलेपन तथा नवाचार का निर्माण करना।÷

**मोदी और चीनी प्रधानमंत्री की मुलाकात**

इसके अलावा, ब्रिक्स बैठक के इतर प्रधानमंत्री मोदी और चीनी प्रधानमंत्री ली क्यांग के बीच अनौपचारिक मुलाक़ात हुई। सूत्रों के अनुसार, यह बातचीत सीमित समय की थी परन्तु रणनीतिक रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है। हम आपको बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी का स्पष्ट कहना है कि भारत-चीन संबंधों का सामान्यीकरण LAC (Line of Actual Control) पर शांति और यथास्थिति की बहाली पर निर्भर करता है। इसके अलावा, हाल में कई स्तरों की वार्ताओं के दौरान भारत ने चीन के साथ व्यापार घाटे का मुद्दा भी उठाया और बाजार तक न्यायसंगत पहुंच की बात की। हम आपको बता दें कि भारत और चीन के बीच लगातार क्रिटिकल टेक्नोलॉजी, जलवायु परिवर्तन और बहुपक्षीय मंचों पर सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा की जा रही है। साथ ही विदेश मंत्री एस जयशंकर शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में भाग लेने के लिए चीन जाने वाले हैं। पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर 2020 के सैन्य गतिरोध के बाद दोनों देशों के बीच संबंधों में गंभीर तनाव आने के बाद, जयशंकर की यह पहली चीन यात्रा होगी। बताया जा रहा है कि विदेश मंत्री 14 और 15 जुलाई को आयोजित होने वाले एससीओ विदेश मंत्रियों की बैठक के लिए तियानजिन जाने से पहले अपने चीनी समकक्ष वांग यी के साथ वार्ता करने को लेकर बीजिंग की यात्रा करेंगे। जयशंकर की यह यात्रा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा शंघाई सहयोग संगठन के रक्षा मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए चीनी शहर चिंगदाओ की यात्रा के कुछ ही हफ्तों बाद हो रही है। हम आपको बता दें कि चीन एससीओ का वर्तमान अध्यक्ष है और वह समूह की बैठकों की मेजबानी कर रहा है।

बहरहाल, देखा जाये तो भारत की नीति अब ÷विरोध के साथ संवाद÷ वाली प्रतीत हो रही है– अर्थात जहाँ आवश्यक हो वहाँ प्रतिरोध और जहाँ संभव हो वहाँ सहयोग। यह संतुलन भारत की स्वायत्त रणनीतिक स्थिति को मजबूती प्रदान करता है। कुल मिलाकर देखें तो ब्रिक्स बैठक में प्रधानमंत्री मोदी की दमदार उपस्थिति न केवल भारत के आर्थिक और भू-राजनीतिक हितों की अभिव्यक्ति थी, बल्कि यह भी संकेत थी कि भारत अब क्रिटिकल मिनरल्स जैसी जटिल वैश्विक चुनौतियों में नेतृत्वकारी भूमिका निभाने को तैयार है। चीन के साथ द्विपक्षीय वार्ता में संयम और स्पष्टता दोनों का प्रदर्शन करके भारत ने यह भी सिद्ध किया कि वह अपने राष्ट्रीय हितों से समझौता किए बिना संवाद की नीति पर कायम है। आने वाले समय में यह संतुलन भारत को ग्लोबल साउथ के नेतृत्वकर्ता के रूप में और अधिक सशक्त करेगा।

**यह निजी विचार है।**

## विदेशी निवेशकों का भारतीय अर्थव्यवस्था में विश्वास बढ़ा

प्रह्लाद सबानानी

विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की अपनी अपनी विशेषताएं हैं, जिसके आधार पर यह अर्थव्यवस्थाएं विश्व में उच्च स्थान पर पहुंची हैं एवं इस स्थान पर बनी हुई हैं। प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद के मामले में आज भी कई विकसित देश भारत से आगे हैं। इन समस्त देशों के बीच चूंकि भारत की आबादी सबसे अधिक अर्थात 140 करोड़ नागरिकों से अधिक है, इसलिए भारत में प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद बहुत कम है।

भारत के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 4.19 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर है तथा प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद केवल 2,880 अमेरिकी डॉलर है। भारत के पीछे आने वाले देशों में हालांकि सकल घरेलू उत्पाद का आकार कम जरूर है परंतु प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद के मामले में यह देश भारत से बहुत आगे हैं। जैसे जापान के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 4.18 लाख करोड़ है और प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद 33,960 अमेरिकी डॉलर है।

ब्रिटेन के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 3.84 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर और प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद 54,950 अमेरिकी डॉलर है। फ्रांस के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 3.21 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर है और प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद 46,390 अमेरिकी डॉलर है। इटली के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 2.42 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर है और प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद 41,090 अमेरिकी डॉलर है। कनाडा के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 2.23 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर है और प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद 53,560 अमेरिकी डॉलर है।

ब्राजील के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 2.13 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर और प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद 9,960 अमेरिकी डॉलर है। सकल घरेलू उत्पाद के आकार के मामले में विश्व की सबसे बड़ी 10 अर्थव्यवस्थाओं में भारत शामिल होकर चौथे स्थान पहुंच जरूर गया है परंतु प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद के मामले में भारत इन सभी अर्थव्यवस्थाओं से अभी भी बहुत पीछे है।

इस सबके पीछे सबसे बड़े कारणों में शामिल है भारत द्वारा वर्ष 1947 में राजनैतिक स्वतंत्रता प्राप्ति पश्चात, आर्थिक विकास की दौड़ में बहुत अधिक देर के बाद शामिल होना। भारत में आर्थिक सुधार कार्यक्रमों की शुरुआत वर्ष 1991 में प्रारम्भ जरूर हुई परंतु इसमें इस क्षेत्र में तेजी से कार्य वर्ष 2014 के बाद ही प्रारम्भ हो सका है। इसके बाद, पिछले 11 वर्षों में परिणाम हमारे सामने हैं और भारत विश्व की 11वीं अर्थव्यवस्था से छलांग लगते हुए आज 4थी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। दूसरे, इन देशों की तुलना में भारत की जनसंख्या का बहुत अधिक होना, जिसके चलते सकल घरेलू उत्पाद का आकार तो लगातार बढ़ रहा है परंतु प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद अभी भी अत्यधिक दबाव में है।

अमेरिका में तो आर्थिक क्षेत्र में सुधार कार्यक्रम 1940 में ही प्रारम्भ हो गए थे एवं चीन में वर्ष 1960 से प्रारम्भ हुए। आज भारत सकल घरेलू उत्पाद के आकार के मामले में विश्व में चौथे पर पहुंच गया है परंतु भारत को प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद के मामले में जबरदस्त सुधार करने की आवश्यकता है। भारत पूरे विश्व में आध्यात्म के मामले में सबसे आगे है अतः भारत को धार्मिक पर्यटन को सबसे तेज गति से आगे बढ़ाते हुए युवाओं के लिए रोजगार के नये अवसर निर्मित करने चाहिए जिससे नागरिकों की आय में वृद्धि करना आसान हो। दूसरे, भारत में 80 करोड़ आबादी का युवा (35 वर्ष से कम आयु) होना भी विकास के इंजिन के रूप में कार्य कर सकता है। भारत की विशाल आबादी ने भारत को विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने में अपना योगदान दिया है। भारत की अर्थव्यवस्था में विविधता झलकती है और यह केवल कुछ क्षेत्रों पर निर्भर नहीं है। भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि क्षेत्र का योगदान 16 प्रतिशत है तथा रोजगार के अधिकतम अवसर भी कृषि क्षेत्र से ही निकलते हैं, जिसके चलते प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद विपरीत रूप से प्रभावित होता है।

# एक पेड़ मां के नाम भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला कोरिया ने किया वृहद वृक्षारोपण

लोकशक्ति

भारत स्काउट एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के *अध्यक्ष बृजमोहन अग्रवाल एवं राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव के आह्वान पर भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ कोरिया तथा वन विभाग कोरिया के संयुक्त तत्वाधान में माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मंशानुरूप एक पेड़ मां के नाम थीम के तहत वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टर कोरिया चंदन संजय त्रिपाठी के मुख्य आतिथ्य एवं पुलिस अधीक्षक कोरिया रवि कुमार कुर्रे , वनमण्डलाधिकारी कोरिया चंद्रशेखर शंकर सिंह परदेसी , मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कोरिया डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी के विशिष्ट आतिथ्य में अनुभाग्य अधिकारी सोनहत राकेश साहू उपवनमंडलाधिकारी कोरिया संस्कृति बारले, जिला पंचायत सदस्य शिवकुमारी सोनपाकर, अध्यक्ष जनपद पंचायत पंचायत सोनहत आशा देवी, एस.एम.डी.सी. घुघरा अध्यक्ष राजाराम राजवाड़े की गरिमामयी उपस्थिति में जिला मुख्य आयुक्त देवेंद्र तिवारी के निर्देशानुसार एवं जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला आयुक्त स्काउट कोरिया जितेंद्र कुमार गुप्ता के आदेशानुसार शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय घुघरा के प्रांगण में आयोजित किया गया।






जिला मुख्य आयुक्त कोरिया देवेन्द्र तिवारी के द्वारा अपने स्वागत उद्बोधन में कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में बताते हुए वृक्षारोपण के महत्व के बारे में अवगत कराया गया, पुलिस अधीक्षक महोदय ने वृक्षारोपण कर उसके संरक्षण करने के एवं विभिन्न सामाजिक कुरीतियों जैसे नशा, सड़क दुर्घटना एवं पास्को एक्ट पर ध्यान आकर्षण करते हुए जन समुदाय को जागृत करने हेतु स्काउट गाइड को प्रेरित किया तत्पश्चात मुख्य अतिथि कलेक्टर कोरिया के द्वारा स्काउट गाइड एवं उपस्थित जन समुदाय को वृक्षारोपण एवं उसकी देखभाल के बारे में बताया साथ ही विभिन्न सामाजिक कुरीतियों बाल - विवाह, प्रेम-प्रसंग के रूप में मानव तस्करी एवं महिलाओं का लैंगिक शोषण, सड़क दुर्घटना से बचाव हेतु हेलमेट लगाने एवं यातायात नियमों को पालन करने के बारे में समाज को जागरूक करने के लिए स्काउट्स - गाइड्स एवं उपस्थित जनो से आह्ववान किया, साथ ही मोबाइल एवं सोशल मीडिया का सही प्रयोग करने तथा अध्यापन कार्य हेतु बच्चों को प्रेरित किया शा. उ. मा. वि. घुघरा के प्रतिवर्ष शत-प्रतिशत परिणाम पर संस्था के समस्त स्टाफ ग्राम वासियों एवं छात्र-छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार परिणाम लाने हेतु आह्वान किया 7 कार्यक्रम की अगली कड़ी में समस्त अतिथियों, जिला संघ के पदाधिकारी एवं स्काउट गाइड के पदाधिकारी के द्वारा लगभग 200 फलदार, औषधीय एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया, जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला आयुक्त स्काउट जितेंद्र कुमार गुप्ता ने कार्यक्रम में उपस्थित समस्तजनों का आभार प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला सचिव भारत स्काउट गाइड कोरिया सुरेंद्र राजवाड़े, जिला संघ कोषाध्यक्ष रवि पाण्डेय, जिला संगठन आयुक्त स्काउट नागेश्वर साहू, जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट सुनील बड़ा, जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड निशा खान, विकासखंड सचिव बैकुंठपुर शिव प्रताप सिंह, स्काउटर रवि बैगा, अजय ठाकुर, बनसलाल सिलर, अनिल कुमार, अजीम अंसारी, केशव प्रसाद साहू, सुशील कुमार, गाइडर - जानकी ध्रुव, डिंपल मिंज, धनमत पड़ौती, आशा एक्का, प्रीति कुमारी, जगमाइत लकड़ा, भानुप्रिया भास्कर, मेझरेन बखला, मनोज साहू मंडल महामंत्री भाजपा, रमेश तिवारी जिला मंत्री, सुभाष जायसवाल, संस्था के शिक्षक, लगभग 200 स्काउट - गाइड, छात्र-छात्राएं, स्काउटर गाइडर एवं वन विभाग के कर्मचारी, विद्यालय की स्टाफ उपस्थित रहे।



बीकानेर में भारी बारिश के कारण सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज की इमारत का एक हिस्सा ढह गया।




उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय से 20 नई वातानुकूलित यूटीसी मिनी (टेंपो ट्रैवलर) बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जिनमें 10 बसें देहरादून-मसूरी रूट पर और 10 बसें हल्द्वानी-नैनीताल रूट पर शामिल हैं।

## Collab Engine अभियान को राजमार्ग राज्य मंत्री श्री अजय टम्टा ने किया फ्लैग-ऑफ

**एजेंसी** - केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग राज्य मंत्री माननीय श्री अजय टम्टा जी ने आज अपने से देशव्यापी इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और स्थायित्व अभियान "Collab Engine÷ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह अभियान माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के Mission LiFE (Lifestyle for Environment) विज़न से प्रेरित है और इसका उद्देश्य देशभर में स्वच्छ और सतत यातायात के प्रति जागरूकता फैलाना है।

Collab Engine एक युवा-नेतृत्व वाला ईवी रोड अभियान है, जोः - 25+ शहरों को जोड़ते हुए 10,500+ किलोमीटर की दूरी तय करेगा, - विश्व कीर्तिमान स्थापित करने का प्रयास कर रहा है (सबसे लंबी ईवी ड्राइव),

- इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने और सतत विकास लक्ष्यों (SDGs) को प्रोत्साहित करेगा। अभियान की शुरुआत एक इलेक्ट्रिक वाहन से की गई है, जो इस पूरे मार्ग में प्रदूषण-मुक्त यात्रा करेगा। टीम रास्ते में विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों और सार्वजनिक स्थलों पर जनसंवाद और जागरूकता सत्र आयोजित करेगी। इस अवसर पर श्री टम्टा जी ने कहाः ÷युवाओं की यह पहल आने वाले भारत की हरित और जिम्मेदार भविष्य की ओर एक मजबूत कदम है। सरकार इस तरह के अभियानों का स्वागत करती है और इन्हें अपना समर्थन देती है।÷ Collab Engine की टीम ने बताया कि इस यात्रा के दौरान वे स्थानीय प्रशासन, पर्यावरण कार्यकर्ताओं और छात्र समुदाय के साथ संवाद करेंगे और लोगों को इलेक्ट्रिक वाहनों के लाभों, हरित ऊर्जा, और पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझाएंगे।

# अपने माता-पिता की 50 वीं वर्षगाँठ पर लगाएं 50 पौध

### (एक पेड़ माँ के नाम, एक पेड़ पिता के नाम, एक पेड़ पूर्वजों के नाम)

लोकशक्ति

महामाया मन्दिर रायपुर के ज्योतिषी एवं भागवताचार्य पं. मनोज शुक्ला एवं परिवार द्वारा, *माता श्रीमती चंद्रावली शुक्ला एवं पिताश्री पं. कृष्णा प्रसाद शुक्ला के 50 वीं वैवाहिक वर्षगाँठ* तथा देवशयनी एकादशी तिथि के पावन शुभ अवसर पर बरगद, पीपल आदि अन्य पौधों का रोपण माता पिता के साथ पूरे परिवार के द्वारा खारून नदी के किनारे विसर्जन कुंड के पास किया गया एवं उसके सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड लगाकर पौधारोपण के साथ साथ सुरक्षा व्यवस्था भी किया गया है।

आज के पुण्यप्रद मुहूर्त, लता पादप रोपण मुहूर्त पर पं. मनोज शुक्ला, पं. चंद्रशेखर शुक्ला, संस्कृत भाषा के प्रचारक पं. चन्द्रभूषण शुक्ला, पं. राजेश शुक्ला, श्रीमती चंद्रावली कृष्णा प्रसाद शुक्ला, कविता शुक्ला, ज्योति शुक्ला, श्रद्धा शुक्ला, वर्षा शुक्ला, ममता प्रतीक पांडेय, हेमंत माया तिवारी, ओम शुक्ला, उत्कर्ष पांडेय, वाची पांडेय, अथर्व शुक्ला, अंशिका शुक्ला तथा परिवार के अन्य सदस्य साथ रहे।



पं. मनोज शुक्ला ने समस्त श्रद्धालु जनों से पौधारोपण हेतु सबको प्रेरित करते हुए कहा कि वृक्ष पर्यावरण के लिए नितांत आवश्यक है। पर्यावरण को स्वच्छ रखने हेतु और पुण्य प्राप्ति हेतु अपने माता - पिता एवं पूर्वजों के नाम पर सबको पौधारोपण करना चाहिए क्योंकि हर व्यक्ति प्रकृति का कर्जदार रहता है। जन्म लेते ही जीवन के लिए सांस लेना आवश्यक है जो कि बरगद पीपल आदि ऑक्सीजन देने वाले पौधे लगाकर, प्रकृति का कर्ज अपने जीवन से उतारना चाहिए।

संस्कृत भाषा के प्रचारक पं. चन्द्रभूषण शुक्ला ने कहा कि कोई भी पूजा अनुष्ठान के लिए तोरण आदि हेतु आम का पत्ता उपयोग में लेते हैं पंचपल्लव के साथ साथ हवन के लिए समिधा भी लेते हैं। विवाहित सुहागन महिलाएं अपने सुहाग के रक्षा के लिए वटसावित्री के दिन बरगद की पूजा करती हैं , आंवला नवमी के दिन आंवले की पूजा करती हैं। सावन में बेलपत्र की पूजा तथा शनिवार को पीपल की पूजा करते हैं और ऑक्सीजन लेते हैं। इन वृक्षों से पर्यावरण शुद्ध होता है तथा प्रदूषण मे कमी आती है और तापमान मे भी इन वृक्षों का प्रभाव पड़ता है, इसलिए पौधारोपण अतिआवश्यक है।

इस तरह हम सभी किसी न किसी रूप में प्रकृति के समस्त पौधों के कर्जदार रहते हैं तथा अपने परिवार जनों सहित किसी न किसी रूप से पेड़ पौधे पर ही आश्रित रहते है जिनका कर्ज हम सब पर रहता है इसलिए अपने जीवन में हर व्यक्ति को कम से कम 5 पौधे , बरगद , पीपल , नीम , आंवला , आम आदि अवश्य लगाने चाहिए। इन पौधों को लगाने से पुण्य की प्राप्ति भी होती है।

# आचार्य भिक्षु तेरापंथ धर्म के कर्णधार थे,समणी ज्योति प्रज्ञा

संवाददाता

केसिंगा स्थानीय तेरापंथ भवन में आचार्य भिक्षु के 300 मा जन्म जयंन्ती बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है इस जन्म जयंन्ती में तेरापंथ धर्म संघ के प्रथम आचार्य भिक्षु स्वामी के इस पावन अवसर पर समणी निर्देशिका ज्योति प्रज्ञा जी एवं समणी मानस प्रज्ञा जी के सानिध्य में मनाया जा रहा है जब से समणी जी का केसिंगा में प्रवास हुआ है उसी दिन से तेरापंथ भवन में मानो की श्रवण महीना की झड़ी से हर रोज नए-नए कार्यक्रम किया जा रहा हैं इस अवसर पर स्थानीय तेरापंथ भवन में एक भजन संध्या का कार्यक्रम भी रखा गया था इस भजन संध्या में आसपास के क्षेत्र से एवं स्थानीय भाई बहनों ने बढ़-चड के हिस्सा लिया विशेष तौर पर टीटीलागढ़ भवानीपटना उत्केला बलांगीर से भजन गायिका ऊ ने भजन गाकर के सबको मंत्र मुग्ध कर दिया आचार्य भिक्षु मानवता के मसीहा थे उन्होंने तेरापंथ धर्म संघ की स्थापना की है आज पूरे भारतवर्ष में जहां पर भी तेरापंथ धर्म साधु साध्वी या विराज रहे हैं उन सभी जगह पर आज का यह महान दिन सबके लिए प्रेरणा मय बनेगा आज भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने भी आचार्य महा श्रवण जी के सानिध्य में मनाया जा रहा है जन्म जयंन्ती पर अपना अद्भूतपुरब संदेश प्रदान किया है उन्होंने आचार्य भिक्षु के बारे में भूरी भूरी प्रशंसा की है इसी बीच अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष नभी समणी जी से आशीर्वाद ग्रहण किया एवं उनका मार्गदर्शन लिया विशेष तौर पर स्थानीय तेरापंथ भवन हर कार्यक्रम में बच्चे बढ़ चढ़ के हिस्सा ले रहे हैं इन सभी कार्यक्रम को सफ्ल बनाने के लिए स्थानीय तेरापंथ सभा तेरापंथ महिला मंडल युवक परिषद कन्या मंडल अथक प्रयास कर रहे हैं।




## वर्ष 2024-25 के लिए भारतीय दूरसंचार सेवा वार्षिक प्रदर्शन संकेतक

**पीआईबी।** भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने आज वर्ष 2024-25 के लिए ÷भारतीय दूरसंचार सेवा-वार्षिक प्रदर्शन संकेतक÷ रिपोर्ट जारी की है। यह रिपोर्ट भारत में दूरसंचार सेवाओं का एक व्यापक विवरण प्रदान करती है। यह पहली अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 तक की अवधि के लिए भारत में दूरसंचार सेवाओं के साथ-साथ केबल टीवी, डीटीएच और रेडियो प्रसारण सेवाओं के प्रमुख मापदंडों और विकास के रुझानों को प्रस्तुत करती है। यह रिपोर्ट मुख्य रूप से सेवा प्रदाताओं से प्रदान की गई सूचना के आधार पर संकलित की गई है। रिपोर्ट का कार्यकारी सारांश संलग्न है। पूरी रिपोर्ट ट्राई की वेबसाइट www.trai.gov.in के साथ साथ trai.gov.in/release-publication/reports/performance-indicators-reports httpÑ//www लिंक के अंतर्गत उपलब्ध है। इस रिपोर्ट से संबंधित किसी भी सुझाव या किसी भी स्पष्टीकरण के लिए श्री विजय कुमार, सलाहकार (एफ एंड ईए), ट्राई से दूरभाष +91-20907773 और ई-मेलः advfeav@trai.gov.in पर संपर्क किया जा सकता है।

**कार्यकारी सारांश** इंटरनेट ग्राहकों की कुल संख्या मार्च-2024 के अंत में 954.40 मिलियन से बढ़कर मार्च-2025 के अंत में 1.54 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर के साथ 969.10 मिलियन हो गई। कुल 969.10 मिलियन इंटरनेट ग्राहकों में से, ब्रॉडबैंड ग्राहकों की संख्या 944.12 मिलियन है ।

# हर्बल और आयुर्वेदिक उत्पादों का प्रमुख केंद्र बनेगा छत्तीसगढ़

जी.एस. केशरवानी

**छत्तीसगढ़, भारत में हर्बल और आयुर्वेदिक उत्पादों के प्रमुख केंद्र के रूप में उभरने जा रहा है। मध्य भारत की सबसे बड़ी और सबसे आधुनिक केंद्रीय प्रसंस्करण इकाई भी दुर्ग जिले के जामगांव (एम) में स्थापना की गई है। यहां राज्य के वनों में उपलब्ध लघु वनोपजों का स्थानीय स्तर पर प्रसंस्करण किया जाएगा। इस इकाई में हर वर्ष लगभग 50 करोड़ रूपए के आयुर्वेदिक औषधीय उत्पादों का उत्पादन एवं प्रसंस्करण किया जाएगा। यह प्रसंस्करण केंद्र छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ द्वारा निर्मित किया गया है।**






प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वोकल फॉर लोकल और आत्मनिर्भर भारत के विजन के अनुरूप राज्य सरकार द्वारा स्थानीय उद्यमियों को गुणवत्तायुक्त उत्पाद तैयार करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर छत्तीसगढ़ के वनोत्पाद के प्रसंस्करण और वैल्यूएडिशन पर विशेष फोकस किया जा रहा है। राज्य की नई उद्योग नीति में भी वनोपज प्रसंस्करण इकाईयों को थ्रस्ट सेक्टर में शामिल किया गया है तथा इसके लिए विशेष प्रोत्साहन का प्रावधान किया गया है।

जामगांव में स्थापित की गई अत्याधुनिक केन्द्रीय प्रसंस्करण इकाई से फारेस्ट टू फार्मेसी मॉडल की शुरुआत हुई है। इस इकाई का मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने हाल में ही लोकार्पण किया है। यह प्रसंस्करण इकाई लगभग 27.87 एकड़ में फैला हुआ है। यहां फार्मास्युटिकल ग्रेड उपकरणों द्वारा आधुनिक ढंग से आयुर्वेदिक एवं हर्बल औषधियों का उत्पादन होगा। इस इकाई में आयुर्वेदिक औषधियों के चूर्ण, सिरप, तेल, अवलेह एवं टैबलेट के रूप में उत्पादन, प्रसंस्करण तथा पैकेजिंग किया जायेगा। इस इकाई में मशीन स्थापना, संचालन तथा विपणन पीपीपी मोड पर किया जाएगा। आयुर्वेदिक औषधि इकाई में 36.47 करोड़ रूपए की लागत से क्वॉरेंटाइन बिल्डिंग, प्री-प्रॉसेसिंग बिल्डिंग, मटेरियल स्टोरेज बिल्डिंग, मेन प्लांट बिल्डिंग आदि बनाए गए हैं।

हर्बल एक्सट्रैक्शन यूनिट 6.04 एकड़ में बनाई गई है, इसकी लागत 23.24 करोड़ रुपए है। इसमें आधुनिक मशीनरी के माध्यम से विभिन्न औषधीयों, वनस्पतियों से अर्क निकाले जाएंगे। इस यूनिट में गिलोय, कालमेघ, बहेड़ा, सफेद मूसली, जंगली हल्दी, गुड़मार, अश्वगंधा, शतावरी आदि महत्वपूर्ण औषधीय, वनस्पतियों से अर्क निकालकर उन्हें आयुर्वेदिक औषधियों तथा अन्य वेलनेस उत्पादों के प्रसंस्करण व निर्माण में उपयोग किया जाएगा।

केंद्रीय प्रसंस्करण इकाई जामगांव में 2000 से अधिक स्थानीय लोगों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा। आदिवासी एवं वनवासी समुदायों के साथ ही महिलाओं को लघु वनोपजों के संग्रहण, प्राथमिक प्रसंस्करण कार्य में रोजगार और आय में वृद्धि के अवसर मिलेगा।

# कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने वृक्षारोपण के संबंध में उद्योगो एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों की ली बैठक

संवाददाता

### अभियान चलाकर जिले के अलग-अलग स्थानों में शासकीय भूमि को कराया गया अतिक्रमण मुक्त

जांजगीर-चांपा / कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने आज कलेक्टोरेट कार्यालय सभाकक्ष में जिले में अतिक्रमण मुक्त शासकीय भूमि में चरणबद्ध वृहद वृक्षारोपण के संबंध में उद्योगो एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री विजय कुमार पांडेय, डीएफओ श्री हिमांशु डोंगरे, जिला पंचायत सीईओ श्री गोकुल रावटे, अपर कलेक्टर श्री ज्ञानेन्द्र सिंह ठाकुर, वन विकास निगम, गेलइंडिया, प्रकाश इंडस्ट्रीज, पावरग्रीड, जेएसडब्ल्यू, महावीर कोल, नुवोको विस्टास कॉर्पोरेशन सहित अन्य उद्योग के अधिकारी उपस्थित थे।



बैठक में कलेक्टर श्री महोबे ने कहा कि अभियान चलाकर जिले के अलग-अलग स्थानों में शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया है। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण मुक्त भूमि पर शासन एवं उद्योगो की सहयोग से वृहद स्तर पर चरणबद्ध वृक्षारोपण, ऑक्सीजोन, ग्रीनजोन के रूप में तैयार किया जाएगा। बैठक में कलेक्टर ने उद्योग प्रतिनिधियों से कहा कि हमें विकास के साथ प्रकृति के बीच संतुलन बनाने का कार्य करना है। उन्होंने कहा कि उद्योग सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि इन क्षेत्रों में सामुदायिक भागीदारी के साथ वृक्षारोपण किया जाए। साथ ही पौधों की सुरक्षा और निरंतर देखरेख की भी समुचित व्यवस्था करें। कलेक्टर ने वन, उद्यानिकी एवं संबंधित विभागों को वृक्षारोपण करने एवं मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।

# शादी का झांसा देकर किया अनाचार आरोपी चढ़ा जांजगीर पुलिस के हत्थे

जांजगीर चांपा

शादी का झांसा देकर अनाचार के आरोपी जांजगीर पुलिस के हत्थे चढ़ा है । मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि आरोपी धनीराम अजगल्ले द्वारा पीड़िता युवती को शादी करने का झांसा देकर उनके साथ जबरन अनाचार किया जिसकी सूचना रिपोर्ट पर आरोपी के विरुद्ध थाना जांजगीर में दिनांक 07.07.25 को अपराध क्रमांक 615/25 धारा 62(2) (द्) 89 BNS का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक जांजगीर चांपा विजय कुमार पाण्डेय आइपीएस के निर्देशन में आरोपी को तत्काल उसके सकुनत से पकड़ा जिसको हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किए जाने से विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी प्रवीण कुमार द्विवेदी, SI सत्यम चौहान, ASI नरेंद्र डीक्सेना, प्रधान आरक्षक राजकुमार चंद्रा एवं थाना स्टाफका सराहनीय योगदान रहा।

# दस लीटर अवैध महुआ शराब के साथ दो आरोपी शिवरीनारायण पुलिस ने दबोचा

जांजगीर-चांपा

दस लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ दो आरोपीयों को शिवरीनारायण पुलिस ने दबोचा है । अधीक्षक जांजगीर चांपा विजय कुमार पाण्डेय आइपीएस के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के कुशल मार्ग दर्शन में जिला पुलिस जांजगीर द्वारा अवैध शराब बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में एसडीओपी चांपा यदुमणी सिदार के कुशल मार्ग दर्शन में मुखबिर सूचना पर थाना शिवरीनारायण पुलिस द्वारा रेड कार्यवाही कर आरोपी चंदन सिंह भारद्वाज निवासी बेल्हा एवं सम्मेलाल भारद्वाज निवासी रिंगनी थाना शिवरीनारायण के कब्जे से 10 लीटर




अवैध कच्ची महुआ शराब कीमती 1000 रूपये को बरामद कर आरोपीगण के विरुद्ध अपराध/धारा 34 (2) आबकारी एक्ट पंजीबद्ध कर विधिवत गिरफ्तार कर दिनांक 08.07.2025 को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी शिवरीनारायण निरीक्षक भास्कर शर्मा, सउनि कपिल राम साहू आरक्षक बलराम यादव, पतिराम यादव थाना शिवरीनारायण का सराहनिय योगदान रहा।

# छह लीटर महुआ शराब के साथ आरोपी पकड़ाया : आबकारी विभाग जाँजगीर चांपा की कार्यवाही

**जांजगीर चांपा /** कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशानुसार व सहायक आयुक्त आबकारी अलेख राम सिदार के विशेष मार्गदर्शन में जिला-जांजगीर में आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब निर्माण एवं भंडारण पर कार्यवाही की गई । इस कार्यवाही में आज दिनांक 8 जुलाई 2025 को 6 बल्क लीटर हाथभट्ठी महुआ शराब जब्त कर धारा-34(2)=01 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है । मामले में ग्राम सिवनी के आरोपी संतोष धीवर पिता स्व.रामरतन धीवर चौकी- नैला के आधिपत्य मकान से 6 लीटर हाथभट्ठी बरामद होने पर उक्त आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2),59(क)के तहत कार्यवाही कर जेल दाखिल किया गया। उक्त कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक यीवरेश कुमार एवं मुख्य आरक्षक देवदत्त जायसवाल ,आरक्षक गीता कमल का महत्वपूर्ण योगदान रहा।




# पतितों और बच्चों के उद्धारकर्ता हैं महाप्रभु जगन्नाथ स्वामी

जांजगीर चांपा /

चांपा । हिंदुओं के महत्वपूर्ण चार धामों में से एक धाम हैं जगन्नपुरी धाम ! आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष द्वितीया को रथयात्रा निकलती हैं और वापस दशमी तिथि को वापसी यात्रा होती है । भगवान श्रीकृष्ण यहां जगन्नाथ के स्वरुप में विराजते हैं और साथ ही साथ उनके बड़े भाई बलराम और बहन सुभद्रा की भी पूजा की जाती हैं। वर्ष में एक बार भगवान जगन्नाथ स्वामी मंदिर से बाहर जनता-जनार्दन का सुख-दुख जानने के लिए निकलते हैं । कोसा कांसा एवं कंचन की नगरी चांपा में भी रथयात्रा निकाली और वापस अपने मंदिर की ओर प्रस्थान की । वापसी को बहुड़ा यात्रा कहा जाता हैं। साहित्यकार शशिभूषण सोनी ने बताया कि 12 वीं शताब्दी में बना पुरी का जगन्नाथ मंदिर अब विश्व प्रसिद्ध मंदिर बन गया है। जगन्नाथ मंदिर 220 फीट ऊंचा और 640 फुट लंबा हैं तथा उतने ही क्षेत्रफल में फैला हुआ है। इसका प्राचीर पार करते हुए देवी-देवताओं की मूर्तियां दिखाई देती हैं। दीवारों पर विभिन्न भंगनियों में नर-नारी की श्रृंगारिक मूर्तियां दर्शनीय हैं। यह आज़ चार धामों में से एक धाम जगन्नाथ धाम के रुप में विश्व प्रसिद्ध हो गया हैं। अन्य तीन बद्रीनाथ, रामेश्वरम और द्वारिकापुरी धाम हैं ।चांपा में श्री जगन्नाथ रथ यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों की टोली ने उमंग और उत्सव के साथ भाग लिया । भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा के साथ नगर भ्रमण पर निकली। जय जगन्नाथ के जयकारों के साथ लोगों ने आशीर्वाद और समृद्धि की कामना की। भगवान जगन्नाथ की कृपा सब पर बनी रहे, सब रहे समृद्धि एवं खुशहाल। जय जगन्नाथ, जय जगन्नाथ, भगवान जगन्नाथ के चरणों में हम सबकी श्रद्धा और भक्ति। हे प्रभु जगन्नाथ, थामो मेरा हाथ, अपने रथ में ले चलो, मुझे अपने साथ। भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा ने चांपा के लोगों के दिलों में उमंग और उत्साह भर दिया। चांपा में बड़ी धूमधाम से भगवान जगन्नाथ का रथ यात्रा निकाली जाती हैं ?।







बच्चों के द्वारा निकल गया, जिसमें खासकर बड़े-बूढे बच्चे भी भगवान जगन्नाथ का आशीर्वाद लेने देखने भीगते पानी में भी पहुंचते हैं । भगवान जगन्नाथ का हर साल चांपा में धूमधाम से मनाया जाता हैं । यह चांपा शहर के लिए आकर्षक माहौल बन जाती है खास बात यह हैं कि चांपा में स्वादिष्ट मालपुआ और स्वादिष्ट मिठाइयां बनती हैं, जिसे जनता भगवान जगन्नाथ का प्रसाद समझकर श्रद्धालु-जन अपने-अपने घर लाकर खाते हैं।

**सब पर बनी रहे कृपा - अजय ऐरन अग्रवाल** - अजय-ऐरन अग्रवाल का कहना हैं कि यह साल में एक बार रथ यात्रा निकलती है, जिसमें बलभद्र और सुभद्रा के साथ नगर भ्रमण की जाती हैं । भगवान जगन्नाथ की कृपा सब पर बनी रहे, यही हमारी कामना हैं ।

**जिले में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पीएम आवास में होगा पौधारोपण** - जिले में पर्यावरण संरक्षण को जनांदोलन का रूप देने और मातृ सम्मान को समर्पित एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत आगामी 10 जुलाई को वृहद पौधारोपण अभियान चलाया जाएगा। इस विशेष अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों के मकानों के पास पौधे लगाए जाएंगे।

## गुरु पूर्णिमा श्री दूधाधारी मठ में 10 जुलाई को



**जांजगीर-चांपा** - श्री दूधाधारी मठ में गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व आषाढ़ शुक्ल पूर्णिमा को श्रद्धा भक्ति पूर्वक मनाई जाएगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार 10 जुलाई दिन गुरूवार 2025, तद्नुसार अषाढ़ शुक्ल पूर्णिमा को गुरु पूर्णिमा का पर्व परंपरागत रूप से आयोजित होगा। सुबह 7:30 बजे से 8:30 बजे के बीच भगवान की मंगल श्रृंगार आरती संपन्न होने के पश्चात महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज श्री दूधाधारी मठ रायपुर में ही रहकर श्रद्धालु भक्तों से सुबह 9:00 बजे से भेंट मुलाकात करेंगे। गुरु पूजन का मुख्य कार्यक्रम दोपहर 12:00 बजे संपन्न होगा?। नगर एवं दूर दराज के क्षेत्रों से आए हुए दीक्षार्थियों को गुरु दीक्षा प्राप्त होगी। 1:30 बजे श्रद्धालु भक्तगण को भगवान रघुनाथ जी का भोजन प्रसाद प्राप्त होगा।

## खास खबर

### जिले में 204.5 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

रायगढ़, चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 1 जुलाई तक 204.5 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 16.6 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 148.4 मिली मीटर, पुसौर में 220.3, खरसिया में 155, घरघोड़ा में 236.5, तमनार में 110.7, लैलूंगा में 214.4, मुकडेगा में 264.8, धरमजयगढ़ में 196.7, छाल में 171.1 एवं कापू में 326 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### कुसमुंडा में 8 साल के बच्चे की मौत, परिजनों और स्थानीय लोगों ने पुलिस कार्यवाही में देरी का आरोप लगाकर किया विरोध

कोरबा पश्चिम कुसमुंडा थाना क्षेत्र के आदर्श नगर कॉलोनी में 21 जून को एक दिल दहलाने वाली घटना घटी। 8 साल का बच्चा सूरज कुमार जगत अपनी मां के साथ अपने मामा के यहां रहता था। वह सड़क में खेल रहा था, तभी एक स्पोर्ट्स बाइक के चालक ने वाहन चलाते हुए बच्चों को टक्कर मार फरार हो गया।

बच्चे को आदर्श नगर चिकित्सालय लाया गया, जहां चिकित्सालय में कर्मचारियों की लापरवाही देखी गई। चिकित्सक को फोन करने के बाद भी डेढ़ घंटा बाद वे पहुंचे और बच्चे को न्यू कोरबा हॉस्पिटल रेफर कर दिया, जहां बच्चे की मौत हो गई।

इस मामले में आदर्श नगर कॉलोनी वासियों ने 8 दिन तक कार्यवाही नहीं होने पर कुसमुंडा थाने पहुंच कार्यवाही नहीं होने की बात थाना प्रभारी से की। थाना प्रभारी ने कहा कि बच्चों की मौत न्यू कोरबा अस्पताल में हुई है, जिसका अस्पताल द्वारा डायरी रामपुर में है, जो कुसमुंडा थाना नहीं आई है। डायरी के आधार पर अपराध कायम किया जाएगा। यह कहकर उन्होंने सभी को वापस लौटा दिया।

### घर के बेडरूम में मिले दो बेबी कोबरा, परिवार में मचा हड़कंप

कोरबा कोरबा के रामनगर में एक घर के बेडरूम में 2 बेबी कोबरा एक साथ मिलने से हड़कंप मच गया। ललित साहू के घर में कहीं से घुसे कोबरा के बच्चे को देखकर परिवार के सदस्य डर गए। उन्होंने तुरंत वाइल्डलाइफरेस्क्यू टीम (नोवा नेचर) को सूचना दी। टीम के सदस्य राजू बर्मन ने मौके पर पहुंचकर बेबी कोबरा को सुरक्षित रेस्क्यू किया। उन्होंने बताया कि आसपास ही किसी फीमेल कोबरा ने अंडे दिए होंगे। अब इन अंडों से बच्चे निकलने लगे हैं। इसलिए क्षेत्र में सतर्कता बरतने की जरूरत है।

### बिलासपुर पुलिस का शहरभर में सघन चेकिंग अभियान, 26 वारंट तामील, 124 निगरानी बदमाशों की हुई जांच

**बिलासपुर,** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह (भा.पु.से.) के निर्देश पर जिले में अपराध और असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए एक विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। यह अभियान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) श्री राजेन्द्र कुमार जायसवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्रीमती अर्चना झा तथा एसीसीयू प्रभारी श्री अनुज कुमार के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

# अल्प समय में ही प्रदेश में मोदी की गारंटी को पूरा किया गया : मंत्री लखनलाल

### डबल इंजन की सरकार में दुगनी गति से हो रहा प्रदेश में विकास का कार्यः उपमुख्यमंत्री अरुण साव

**0 सड़क पर खड़े लोगो को कलेक्टर ने बताया कि उपमुख्यमंत्री जी पुल निर्माण की घोषणा कर चुके हैं तो खुश होकर लौटे**

**0 उपमुख्यमंत्री और उद्योग मंत्री ने किया लगभग 8 करोड़ रुपये के विकासकार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन**

कोरबा लोकशक्ति




छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री, लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, विधि व विधायी कार्य, तथा नगरीय प्रशासन मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री अरुण साव ने अपने एक दिवसीय प्रवास के दौरान नगर पंचायत पाली एवं नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा में आयोजित विकास कार्यो का लोकार्पण व भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होकर क्षेत्रवासियों को अनेक विकास कार्यो की सौगात दी। उन्होंने नगर पंचायत पाली में लगभग 5 करोड़ से अधिक के विकास कार्यो के अंतर्गत 4 करोड़ 75 लाख 30 हजार के अनेक कार्यो का भूमिपूजन, 67 लाख 39 हजार के विकास कार्यो का लोकार्पण और नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा में 2 करोड़ 10 लाख 42 हजार के विकास कार्यों का भूमिपूजन कार्य किया।इस अवसर पर वाणिज्य उद्योग व श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन, विधायक पाली तनाखार श्री तुलेश्वर मरकाम, विधायक कटघोरा श्री प्रेमचंद पटेल, महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, नगर पंचायत अध्यक्ष पाली श्री अजय जायसवाल, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा श्रीमती सोनी विकास झा, कलेक्टर श्री अजीत वसंत, पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धार्थ तिवारी, निगमायुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय, सहायक कलेक्टर श्री क्षितिज गुरभेले सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। उपमुख्यमंत्री श्री साव ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश को आगे बढ़ाने का काम किया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार द्वारा विकास के कार्यों को दुगनी गति से पूरा किया जा रहा है।

उपमुख्यमंत्री श्री साव ने आगे कहा कि प्रदेश सरकार के कथनी और करनी में कोई अंतर नही है, सरकार ने आमजनो से जो भी वादा किया है उसे पूरा करने हेतु कटिबद्ध है। श्री साव ने कहा कि राज्य की तरक्की और बेहतरी के लिए नई ओद्योगिक नीति का संचालन कर नौजवानो को रोजगार उपलब्ध करा उनके जीवन में परिवर्तन लाने का कार्य कर रही है। शिक्षा में गुणवत्ता लाने के लिए युक्तियुक्तकरण का बड़ा फैसला लिया गया है।

युक्तियुक्तकरण नीति का लाभ पाली तानाखार विधानसभा के पोड़ी उपरोड़ा के सुदूरवर्ती क्षेत्रो के स्कूलों को मिला है। शिक्षकविहीन व एकलशिक्षकीय विद्यालयों में नियमित शिक्षकों की पदस्थापना की गई है। जिससे बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलेगी। उन्होंने कहा कि कोरबा जिला सहित पाली तानाखार क्षेत्र में विकास की दिशा में आगे बढ़ाने के लिए योजना बनाकर कार्य किया जा रहा है।

पाली तानाखार विधानसभा में सभी प्रकार के निर्माण व अन्य प्रशासनिक काम तेजी से हो रहा है। अनेक विकास कार्यो के लिए डीएमएफ से पर्याप्त राशि पाली तानाखार को मिल रहा है। आज पोड़ी उपरोड़ा के सुदूर वनांचलों में स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार हेतु 08 उपस्वास्थ्य केन्द्र निर्माण का भूमिपूजन किया गया है।

# सरकार की योजना बनी किसानों की ताकत, छबिलाल को सुलभ दरों पर मिला खाद और बीज

**0 खरीफकी तैयारी में नहीं कोई रुकावट, समिति से समय पर मिली राहत**



**कोरबा** बरसात की पहली फुहारों के साथ खेतों में हरियाली की आस भी लौट आई है। मिट्टी जीवनदायिनी बनी है और किसान अपने सपनों को साकार करने खेतों में जुट गए हैं। इस नए उमंग और उत्साह के पीछे सरकार की वे योजनाएं हैं, जो समय पर और जमीन पर क्रियान्वित हो रही हैं।

छत्तीसगढ़ शासन एवं कृषि विभाग के संयुक्त प्रयास से प्रदेशभर के किसानों को अब खेती के लिए आवश्यक बीज और उर्वरक न्यूनतम मूल्य पर सहकारी समितियों के माध्यम से उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इससे खरीफ फसलों की बुवाई में तेजी आई है और उत्पादन में भी बढ़ोतरी की उम्मीद जगी है।

इसी योजना का लाभ उठाया कोरबा जिले के चोरभट्टी गांव के किसान श्री छबिलाल ने, बरसात के ठीक बाद जब खेतों में बुवाई का समय आया, तब वे शासकीय सहकारी समिति, करतला पहुँचे। वहाँ से उन्होंने खरीफ फसल के लिए उन्नत धान बीज, यूरिया, डीएपी और अन्य आवश्यक उर्वरक प्राप्त किए।श्री छबिलाल बताते हैं सहकारी समिति में बहुत अच्छा प्रबंध है। किसी प्रकार की भीड़ नहीं थी, स्टाफ ने सहयोगपूर्वक सभी सामग्री उपलब्ध कराई। पहले प्राइवेट दुकानों से महंगे दामों में खाद-बीज लेना पड़ता था, अब सरकार की इस योजना से काफी राहत मिली है।

छबिलाल जैसे किसान, जिनकी आय पूरी तरह कृषि पर निर्भर है, इस पहल से बेहद खुश हैं। सरकार ने खरीफ सीजन को ध्यान में रखते हुए जिले की सभी सहकारी समितियों में बीज और उर्वरकों का पर्याप्त भंडारण पहले ही सुनिश्चित कर लिया है। साथ ही वितरण की प्रक्रिया को पारदर्शी और सरल बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

सहकारी समिति, करतला के कर्मचारियों ने बताया हमारा प्रयास है कि कोई भी किसान खाद और बीज की कमी के कारण खेती से वंचित न रहे। पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और वितरण पर सतत निगरानी रखी जा रही है।

सरकारी योजना का यह प्रभाव छोटे और सीमांत किसानों में विशेष रूप से देखने को मिल रहा है, जो अब सहकारी समितियों के माध्यम से उन्नत तकनीकों और समुचित पोषण के साथ फसल उत्पादन की ओर अग्रसर हैं। इससे न केवल उनकी आमदनी बढ़ेगी, बल्कि क्षेत्र की कृषि अर्थव्यवस्था भी सशक्त होगी।

### कुसमुंडा में तेज बारिश के चलते आवागमन बाधित, बारिश का पानी दुकानों और घरों में घुसा

कोरबा लोकशक्ति



कोरबा जिले में बीती रात से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। विशेष रूप से कुसमुंडा में तेज बारिश के चलते बायपास रोड लक्ष्मण नाला में पानी पुल से 4 फीट भर गया है जिससे आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया है।

शहर की सड़कों का हाल ऐसा है, मानो वे तालाब में तब्दील हो गई हों। बारिश का पानी न केवल सड़कों पर इमली छापर बस्ती में भी जमा हुआ, पानी दुकानों और घरों में भी घुस गया, जिससे स्थानीय नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। पहली ही बारिश में शहर की जल निकासी व्यवस्था की पोल खुल गई है। पर्याप्त इंतजाम न होने के कारण हालात लगातार बिगड़ते चले गए। स्थानीय लोगों के अनुसार,कई घरों में ही फ से रह गए। तेज बहाव के चलते कुचेना पुल पूरी तरह से टूट गया है एक स्कॉर्पियो फस गई है कबीर चैक पर एक पेड़ धराशाई होकर गिर गया है सड़कों पर चलना भी जोखिम भरा हो गया है। प्रशासन की ओर से अब तक जल निकासी को लेकर कोई तात्कालिक समाधान नहीं किया गया है, जिससे लोगों में नाराजगी देखी जा रही है।

इस बारिश ने नगर परिषद की तैयारियों और मानसून से पहले किए गए इंतजामों की पोल खोल दी है। साथ ही यह सवाल भी खड़े हो गए हैं कि यदि पहली ही बारिश में हालात इतने भयावह हैं, तो आने वाले दिनों में स्थिति कितनी गंभीर हो सकती है।

# कबीर की वाणी को आज घर-घर पहुचाने की आवश्यकता : उपमुख्यमंत्री अरुण साव

**0 कबीर आश्रम के लिए 10 लाख रुपये देने की घोषणा की**

**कोरबा** उपमुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री अरुण कुमार साव और उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन बांकीमोंगरा में आयोजित कबीर प्राकट्य दिवस समारोह में शामिल हुए। वे चैका आरती में शामिल होकर पूजा अर्चना की और आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि कबीर ने सत्य का मार्ग दिखाया है। उनकी वाणी दुनिया में आज भी प्रासंगिक है। उनके अनुयायी देश ही नहीं दुनिया भर में है।

उपमुख्यमंत्री श्री साव ने आगे कहा कि कबीर की वाणी को, उनके संदेश को घर-घर में पहुचाने की आवश्यकता है। उन्होंने समाज के लोगो द्वारा बताए समस्या का निराकरण की बात कही। श्री साव ने कबीर आश्रम बांकी मोंगरा में आश्रम भवन निर्माण के लिए 10 लाख की राशि प्रदान करने की घोषणा की। संत कबीर प्राकट्य दिवस कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उद्योग, वाणिज्य और श्रम मंत्री

श्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि संत कबीर सर्वव्यापक है। उन्हें दुनिया के लोग मानते हैं। हम सभी को उनके बताए हुए रास्ते में चलना चाहिए। इस अवसर पर कटघोरा विधायक श्री प्रेमचंद पटेल, महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, अध्यक्ष नगर पालिका बांकीमोंगरा श्रीमती सोनी विकास झा, पूर्व मंत्री श्री ननकीराम कँवर, कलेक्टर श्री अजीत वसंत, एसपी श्री सिद्धार्थ तिवारी। निगमायुक्त श्री आशुतोष पांडेय और समाज के श्री अमरूदास महंत, श्री विष्णुदास महंत आदि उपस्थित थे।

# जलभराव की समस्या से आक्रोशित पालीवासियों ने डिप्टी सीएम का रोका काफिला

**कलेक्टर, एसपी के आश्वासन के बाद काफिले को दिया रास्ता**



कोरबा । जल निकासी की व्यवस्था की अनदेखी से हर साल की तरह इस साल भी पिछले 2 दिनों से मानसून की झड़ी से उत्पन्न जलभराव की स्थिति से आक्रोशित नगर पंचायत पालीवासियों ने भूमिपूजन एवं रोड उत्सव कार्यक्रम से लौट रहे डिप्टी सीएम का काफिला रोक दिया। ग्रामीणों के अचानक आंदोलनकारी इस रवैये से चकित उद्योग मंत्री ,कलेक्टर ,एसपी ने भारी बारिश के बीच वाहन से उतरकर लोगों की समस्याओं को गम्भीरतापूर्वक सुनकर शीघ्र पानी निकासी का इतंजाम किए जाने का आश्वासन दिया। तब कहीं जाकर काफिले को रास्ता दिया ।

भूमि पूजन और रोड उत्सव कार्यक्रम में आये प्रभारी मंत्री अरुण साव ,श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन और कलेक्टर अजीत वंसत समेत एसपी सिदार्थ तिवारी के काफिले को पाली के मंगल भवन से निकलने के उपरांत नगरवासियों ने रोक दिया। स्थानीय रहवासियों ,व्यापारियों का आरोप है कि नगर में जरा सी बारिश पर जलभराव की स्थिति निर्मित हो जाती है। लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के चलते उनके घरों और दुकानों में पानी भर गया है, जिससे दैनिक जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। बस्ती और गलियों में भी जलभराव की गंभीर स्थिति बनी हुई है। उनका कहना है कि इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए वे लंबे समय से मांग कर रहे हैं, लेकिन जिला प्रशासन और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। इस उपेक्षा से आक्रोशित होकर ही उन्होंने मंत्रियों और अधिकारियों के काफिले को रोकने का फैसला किया। बहरहाल जिला प्रशासन ने समस्या का शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया है ,जिससे बरसात में इस तकलीफ से उन्हें निजात मिल जाएगी। मौके पर मौजूद कलेक्टर अजीत वंसत और एसपी सिद्धार्थ तिवारी ने ग्रामीणों से बातचीत की।

# कलेक्टर-एसपी ने बाढ़ के हालात से लोगों को राहत दिलाने अधिकारियों की ली आपात बैठक

### क्षति का सर्वे कर तत्काल राहत दिलाने के निर्देश



**बिलासपुर** कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं एसएसपी रजनेश सिंह ने जिले में अतिवृष्टि एवं बाढ़ के हालात से उत्पन्न स्थिति की समीक्षा के लिए अधिकारियों की आपात बैठक ली। उन्होंने बैठक में बाढ़ पीड़ित लोगों की हरसंभव सहायता के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि बाढ़ एवं अतिवृष्टि से जो भी नुकसान हुआ है उनका सर्वे कर तत्काल आरबीसी 6-4 के तहत सहायता दिया जायेगा। कलेक्टर-एसपी ने कहा कि स्थिति में सुधार आने तक कोई भी अधिकारी कार्यालय में नहीं बैठेगा। टीम बनाकर अधिकारी बाढ़ प्रभावित ग्रामीण क्षेत्रों का संयुक्त दौरा करेंगे और लोगों को आपदा से निपटने में जरूरी मदद करेंगे। उन्होंने वीसी के जरिए अधिकारियों से जुड़कर एक-एक तहसील की मैदानी हालात की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि बाढ़ के हालात से निपटना एवं लोगों को राहत दिलाना फिलहाल प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि एक -डेढ़ माह के बराबर पानी पिछले दो-तीन दिन में बरस चुका है। उम्मीद से ज्यादा एकाएक ज्यादा पानी गिरने से कुछ निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति बनी है। लेकिन प्रशासन के हस्तक्षेप से स्थितियों में सुधार आया है। उन्होंने पूरा प्रशासनिक सिस्टम को बाढ़ से बचाव कार्य में झोंक दिए हैं। अग्रवाल ने नियमित दौरा कर संवेदनशील ग्रामों और निचले क्षेत्रों पर लगातार नजर रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अफसरों से कहा कि प्रभावित लोगों के पास जाएं, उनकी तकलीफ सुने। यदि उनका मकान अतिवृष्टि से जर्जर या नष्ट हो गया है तो उन्हें नजदीक के स्कूल अथवा आंगनबाड़ी में ठहराएं। उनके खाने और पीने का इंतजाम किया जाये। आरबीसी 6-4 का प्रकरण बनाकर उन्हें तत्काल मुआवजा दिलाया जाए। बैठक में बताया गया कि बिल्हा के वार्ड 8 एवं 9, मस्तुरी के ईटवापाली, कोटा के तेन्दूभांठा,बांसाझाल, चपोरा, मोहदा, केंदाडांड, मोहदा, पचरा, टोनासागर सेमरा और तखतपुर के मनियारी नदी के किनारे कुछ गांव प्रभावित हुए है। बिलासपुर शहर में गोकने नाला के निचले क्षेत्र सहित गंगानगर, श्रीकांत वर्मा मार्ग, बंधवापारा, तोरवा एरिया में 8-10 स्थलों पर जलभराव की स्थिति बनी थी, जिसे कच्चे नाले बनाकर पानी बाहर निकाला गया है।

कलेक्टर ने लोगों के पानी में फंस जाने पर बचाव के लिए उपलब्ध संसाधनों की भी जानकारी ली। होमगार्डस ने बताया कि जिले में पांच नाव उपलब्ध हैं। दो टीम चौबीसों घण्टे तैयार रहती है। लाईफ जैकेट और अन्य ग्रामीण क्षेत्र में तैराकों की सूची बनाकर उनका भी सहयोग लिया जाये। मछुआरे इस कार्य में काफी मददगार हो सकते हैं। उन्होंने ग्रामीणों को बाढ़ की स्थिति एवं उनकी जागरूकता के लिए मुनादी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि अभी अच्छा मौका है । जल के प्राकृतिक बहाव में यदि कोई अड़चन आ रही है तो उसे तोड़ दिया जाए। लोक निर्माण एवं सिंचाई विभाग के इंजीनियर भी टीम के साथ दौरा करें। यदि पुल के ऊपर पानी बह रहा हो तो बैरिकेड लगाकर यातायात रोक दिया जाए। बेहतर होगा कि गांव में उपलब्ध ट्रेक्टर ट्राली अड़ाकर आवागमन प्रतिबंधित कर दिया जाये। कलेक्टर-एसपी ने लोगों को पुल के ऊपर बहते पानी में पार नहीं करने की अपील भी की है। कलेक्टर ने कहा कि जीपीएम जिले में भारी बारिश के कारण अरपा भैंसाझार से और ज्यादा मात्रा में पानी छोड़ा जायेगा। अरपा नदी के किनारे लोगों को और सतर्क रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बाढ़ के हालात से लोगों की जान और माल बचाना है। इसके लिए जो भी जरूरी उपाय मैदानी स्तर में करना है ,उसे करें। किसी बड़े अधिकारी के अनुमति का इंतजार किए बिना जनहित में निर्णय लिया जा सकता है। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग को भी चेताया। उन्होंने कहा कि बरसात में दूषित पेयजल से डायरिया फैलने की संभावना बनी हुई है। लिहाजा मुस्तैदी से सभी प्रकार के दवाईयों की उपलब्धता रहे। इससे ज्यादा कोई मरीज अस्पताल में आता है तो तुरंत उसका इलाज शुरू किया जाना चाहिए। किसी तरह की औपचारिकता बाद में भी पूरी की जा सकती है। एसएसपी रजनेश सिंह ने कहा कि प्रशासन एवं पुलिस की टीम आपसी तालमेल के साथ काम करते दिखने चाहिए। इससे समाज में अच्छा संदेश जाता है। बैठक के बाद जाकर अपने अनुविभाग में भी संयुक्त बैठक करें।

उन्होंने सोशल मीडिया पर भी नजर रखने के निर्देश अधिकारियों को दिए। यदि कोई तथ्यहीन खबर की जानकारी आये तो तत्काल उसका खण्डन करते हुए सही जानकारी दिया जाये।

### हुक्का फ्लेवर और सामग्री बेचने वालों पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, दो आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर,** जिले में हुक्का फ्लेवर और संबंधित सामग्री की अवैध बिक्री पर रोक लगाने के उद्देश्य से तारबाहर थाना और एसीसीयू की संयुक्त टीम ने शनिवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से लगभग 2.57 लाख रुपये की हुक्का सामग्री जब्त की गई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री रजनेश सिंह (भा.पु.से.) के निर्देश पर यह कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) श्री राजेन्द्र जायसवाल के मार्गदर्शन में की गई। तारबाहर थाना प्रभारी निरीक्षक कृष्णचंद सिदार और एसीसीयू प्रभारी अजरूद्दीन के नेतृत्व में गठित संयुक्त टीम ने यह छापा मारा।

**मुखबिर की सूचना पर छापेमारी** - दिनांक 29 जून को पुलिस को सूचना मिली थी कि सीएमडी चौक और अग्रसेन चौक के पास कुछ दुकानदार हुक्का फ्लेवर और सामग्री की अवैध बिक्री कर रहे हैं। इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने पहले सीएमडी चौक स्थित हनुमान मंदिर के पास छापा मारा, जहां आरोपी प्रदीप वाधवानी (42 वर्ष) को पकड़ा गया। उसके कब्जे और घर से कुल ?2,28,910 मूल्य की हुक्का फ्लेवर और सामग्री जब्त की गई। दूसरी कार्रवाई में पुलिस ने अग्रसेन चौक पर स्थित गुप्ता पान सेंटर से संचालक पवन गुप्ता।

## समय पर खाद-बीज मिलने से किसानों के चेहरों पर लौटी मुस्कान



रायपुर। तर्मान में मानसून सीजन का समय है ऐसे में किसानों के लिए समय पर खाद व बीज़ का इंतजाम करना किसी चुनौती से कम नहीं होता। शासन-प्रशासन द्वारा किसानों क़ो खाद बीज समय पर उपलब्ध कराने के लिए समितियों में अग्रिम भण्डारण हेतु अवश्यक निर्देश अधिकारियों क़ो दिये गए हैं। समय पर बीज़ व उर्वरक मिलने से किसानों क़ो खेती-किसानी की चिंता दूर हुई है। बलौदाबाजार जिले के ग्राम परसाभदेर (च) निवासी किसान संतोष कुमार निषाद हर साल की तरह इस बार भी अपने खेतों में मेहनत करने के लिए तैयार थे। लगभग 7 एकड़ ज़मीन में खेती करने वाले संतोष निषाद के चेहरे पर चिंता की लकीरें तब उभर आई थीं, जब उन्हें लगा कि कहीं इस बार खाद मिलने में देर न हो जाए। खाद की समय पर उपलब्धता हर किसान के लिए किसी राहत से कम नहीं होती। यही सोचकर वो पहुंचे सेवा सहकारी समिति बलौदाबाजार। लेकिन इस बार नज़ारा कुछ और ही था। न कोई भीड़, न कोई भागदौड़। व्यवस्था इतनी सुगम थी कि उन्हें तुरंत और पूरी मात्रा में खाद मिल गई। खाद हाथ में आते ही संतोष की आंखों में एक चमक सी आ गई। उन्होंने कहा, पहली बार ऐसा लगा कि सरकार सच में हमारे बारे में सोच रही है। खाद लेने में कोई दिक्कत नहीं आई, समय भी बचा और मेहनत भी। इससे अब खेत की बुवाई समय पर हो पाएगी। इस व्यवस्था से प्रभावित होकर उन्होंने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के प्रति आभार प्रकट किया। उनका कहना था, मुख्यमंत्री जी की किसान हितैषी सोच के कारण ही आज हम जैसे छोटे किसान भी आत्मनिर्भर बन पा रहे हैं।

## दव्यांगजनों के लिए आज रायपुर में मेगा प्लेसमेंट कैंप, निजी कंपनियों में मिलेगा

**रायपुर।** दिव्यांगजनों को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विशेष रोजगार कार्यालय रायपुर और यंग इंडिया के सहयोग से एक मेगा प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। यह कैंप आगामी 7 जुलाई को शासकीय आईटीआई, सड्डू, रायपुर में आयोजित होगा।

विशेष रोजगार अधिकारी डॉ. शारदा वर्मा ने जानकारी दी कि यह प्लेसमेंट कैंप सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक चलेगा। इस कैंप में राइस मिल, पेट्रोल पंप, स्पंज आयरन फैक्ट्री, वेयरहाउस सहित लगभग 20 प्रतिष्ठित निजी कंपनियां भाग लेंगी और दिव्यांगजनों की नियुक्ति करेंगी। चयनित अभ्यर्थियों को 10,000 से 20,000 रुपये प्रति माह तक का वेतन प्रदान किया जाएगा।

डॉ. वर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए कार्यस्थल उरला, सिलतरा और रायपुर निर्धारित किया गया है। इसके साथ ही दिव्यांग अभ्यर्थियों को रोजगार परामर्श, पंजीयन और मार्गदर्शन की सुविधा भी कैंप स्थल पर उपलब्ध कराई जाएगी।18 से 40 वर्ष की आयु के योग्य दिव्यांग अभ्यर्थी, जो रायपुर जिले या आसपास के क्षेत्र से हैं, इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं। उम्मीदवारों को अपने साथ शैक्षणिक प्रमाण पत्र, दिव्यांगता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, रोजगार पंजीयन प्रमाण पत्र और दो पासपोर्ट साइज फोटो लाना अनिवार्य है।अधिक जानकारी के लिए इच्छुक अभ्यर्थी विशेष रोजगार कार्यालय (दिव्यांगजन), रायपुर के दूरभाष नंबर 0771-4044081 पर संपर्क कर सकते हैं।

## मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नवा रायपुर विकास की समीक्षा बैठक ली, दीं महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश



**रायपुर ।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मंत्रालय (महानदी भवन) में आवास एवं पर्यावरण विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने नवा रायपुर विकास प्राधिकरण (एनआरडीए) और उससे जुड़े विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

इस मौके पर वित्त एवं आवास पर्यावरण मंत्री ओ.पी. चौधरी, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, सचिव राहुल भगत, आवास और पर्यावरण विभाग के सचिव अंकित आनंद, एनआरडीए के सीईओ चंदन कुमार, गृह निर्माण मंडल के आयुक्त अवनीश शरण, रायपुर विकास प्राधिकरण के सीईओ आकाश छिकारा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नवा रायपुर का सुव्यवस्थित और दीर्घकालीन विकास राज्य सरकार की शीर्ष प्राथमिकताओं में है। उन्होंने कहा कि यहां पहले से ही ट्रिपल-आईटी और नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी जैसे राष्ट्रीय संस्थान स्थापित हो चुके हैं, जिससे यह क्षेत्र भविष्य में बसाहट और औद्योगिक गतिविधियों का बड़ा केंद्र बनने जा रहा है। इसी दृष्टि से नागरिक सुविधाओं का विस्तार आवश्यक है।मुख्यमंत्री साय ने रेल कनेक्टिविटी के विस्तार पर बल देते हुए कहा कि भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित परमालकसाङ्खरसिया रेलवे लाइन को नवा रायपुर से जोड़ा जाना चाहिए। इससे क्षेत्र में यातायात और कनेक्टिविटी को नई दिशा मिलेगी।इसके अलावा उन्होंने भारतमाला परियोजना के तहत विशाखापट्टनम से जुड़ने वाले एक्सप्रेसवे पर नवा रायपुर में एक लॉजिस्टिक हब स्थापित करने की जरूरत जताई। अधिकारियों ने बताया कि एक्सप्रेसवे का 95त्न कार्य पूरा हो चुका है और इससे रायपुर से विशाखापट्टनम की दूरी लगभग 100 किलोमीटर घट जाएगी।औद्योगिक निवेश को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की नई औद्योगिक नीति के चलते निवेशकों की रुचि बढ़ रही है और इससे युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।मुख्यमंत्री ने नवा रायपुर क्षेत्र में विकसित किए जा रहे ऑक्सीजोन के तहत पीपल, बरगद, नीम, करंज, अशोक, अमलतास, गुलमोहर जैसे पौधों के रोपण और उनकी वृद्धि की जानकारी भी ली।बैठक में जानकारी दी गई कि नवा रायपुर में भविष्य में आयोग-बोर्ड-निगमों के लिए बिडिंग कॉम्प्लेक्स बनाया जाएगा, कामकाजी महिलाओं के लिए वर्किंग वूमन हॉस्टल, एक सौ बिस्तरों वाला अस्पताल और एक नया थाना भी स्थापित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिए कि नवा रायपुर में भवन निर्माण हेतु आवंटित भूखंडों का अधिकतम और समुचित उपयोग सुनिश्चित किया जाए।

अंत में उन्होंने छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, गृह निर्माण मंडल, नगर एवं ग्राम निवेश, रेरा और रायपुर विकास प्राधिकरण के कामकाज की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

# छत्तीसगढ़ दौरे पर रहेंगे कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, रायपुर में जनसभा और बैठकें प्रस्तावित



**रायपुर।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे आज छत्तीसगढ़ दौरे पर रहेंगे। राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में उनकी एक बड़ी जनसभा तय की गई है। हालांकि, कार्यक्रम से पहले सभा स्थल पर भारी बारिश के कारण परेशानियां खड़ी हो गई हैं। तीन बड़े डोम में पानी भर गया है और लोगों के बैठने वाले क्षेत्र में जलभराव हो गया है। प्रशासन और पार्टी कार्यकर्ता पानी निकालने में जुटे हैं।

खड़गे सुबह 11:30 बजे दिल्ली से रायपुर एयरपोर्ट पर पहुंचेंगे। दोपहर 1 बजे वे किसान, जवान, संविधान नामक जनसभा में भाग लेंगे। इसके बाद वे शाम 4 बजे कांग्रेस के राजीव भवन स्थित पीसीसी मुख्यालय पहुंचेंगे, जहां पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। शाम 5 बजे वे प्रदेश कार्यकारिणी की विस्तृत बैठक लेंगे और फिर शाम 6 बजे दिल्ली रवाना हो जाएंगे। खड़गे के दौरे की तैयारियों की निगरानी के लिए पार्टी के प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट रविवार को रायपुर पहुंचे थे। उन्होंने सभा स्थल का निरीक्षण किया और नेताओं व पदाधिकारियों से चर्चा की। साथ ही उन्होंने पुलिस अधिकारियों से भी समन्वय बनाकर कार्यक्रम में किसी भी अव्यवस्था से बचने के निर्देश दिए।

### मल्लिकार्जुन खरगे की जनसभाः कांग्रेस की एकजुटता और रणनीति पर जोर

रायपुर । विधानसभा और लोकसभा चुनावों के बाद कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे पहली बार रायपुर में एक बड़ी जनसभा करने जा रहे हैं। यह कार्यक्रम साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित होगा, जहां बारिश की संभावना को देखते हुए तीन वाटरप्रूफ डोम तैयार किए गए हैं। कांग्रेस इस सभा के जरिए न सिर्फ अपने संगठन को सक्रिय करने की कोशिश कर रही है, बल्कि पार्टी में गुटबाजी के आरोपों को खारिज करते हुए सभी बड़े नेताओं को एक मंच पर लाने की योजना भी बना रही है। हालांकि, इस समय खेतों में काम और बारिश के मौसम के चलते ज्यादा भीड़ जुटाना कांग्रेस के लिए एक कठिन चुनौती साबित हो सकता है।रविवार को प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट ने खुद सभा स्थल का निरीक्षण किया। जनसभा के बाद मल्लिकार्जुन खरगे कांग्रेस मुख्यालय, राजीव भवन में अहम बैठक भी करेंगे। इस बैठक में संगठन के शीर्ष पदाधिकारियों के साथ विचार-विमर्श किया जाएगा और पहले से मिली शिकायतों पर भी चर्चा की जाएगी। सूत्रों के अनुसार, खरगे इस दौरे में प्रदेश के नेताओं और पदाधिकारियों से मिलकर भविष्य की रणनीति तैयार करेंगे। बैठक में सभी नेताओं को विशेष कार्य सौंपे जाने की संभावना है और संगठनात्मक कामकाज की समीक्षा भी की जाएगी। कांग्रेस अध्यक्ष के दौरे में अलग-अलग प्रतिनिधिमंडल भी उनसे मुलाकात करेंगे, जिसमें बस्तर में कथित फर्जी मुठभेड़ में मारे गए आदिवासी ग्रामीणों के परिजन भी शामिल हैं। कांग्रेस इन मुद्दों को राष्ट्रीय स्तर पर उठाने की तैयारी में है। इसके साथ ही प्रदेश कांग्रेस की विस्तारित कार्यकारिणी की बैठक में खरगे पदाधिकारियों के प्रदर्शन का आंकलन करेंगे और आगामी नियुक्तियों को लेकर संकेत भी दे सकते हैं। यह पहली बार है जब राष्ट्रीय अध्यक्ष किसी राज्य इकाई की कार्यकारिणी और जिला अध्यक्षों के साथ सीधे बैठक करेंगे। पार्टी सूत्रों के अनुसार, पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी की बैठक में मल्लिकार्जुन खरगे राज्य सरकार के खिलाफ एकजुट होकर आक्रामक अभियान चलाने का सख्त निर्देश दे सकते हैं।

## अलग-अलग क्षेत्र से दो दोपहिया वाहन पार

**रायपुर ।** अलग-अलग थाना क्षेत्र से अज्ञात चोर ने दो दोपहिया वाहन पार कर दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पहले मामले में ग्राम अमलोर तुमगांव निवासी प्रार्थी टिकेश्वर ध्रुव 33 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एमआर 9318 को खरोरा के नया बस स्टेण्ड के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर खरोरा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। वहीं दूसरे मामले में ग्राम बेलर निवासी रघुनाथ साहू 35 वर्ष ने अभनपुर थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एलबी 2688 को ग्राम चण्डी के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 20 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## बाइक की टक्कर से अधेड़ की मौत

**रायपुर ।** ग्राम अमसेना के पास बाइक सवार ने पैदल जा रहे अधेड़ को टक्कर मार दिया। जिससे अधेड़ की मौत हो गई। मामले में खरोरा पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मृतक काशीराम नारंग 56 वर्ष ग्राम अमसेना का रहने वाला था। बताया जाता है कि मृतक पैदल कहीं जा रहा था, तभी बाइक क्रमांक सीजी 04 क्यूएफ 0131 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए काशीराम को टक्कर मार दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। मामले में खरोरा पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## घर से नकदी 7700 रुपए पार

**रायपुर ।** शिवानंद सेक्टर 2 स्थित घर से अज्ञात चोर ने नकदी 7700 रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी एन.रामाकृष्णा राव 50 वर्ष शिवानंद सेक्टर 2 में रहता है। प्रार्थी ने खमतराई थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने उसके घर में प्रवेश कर आलमारी में रखे नकदी 7700 रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## डबल इंजन की सरकार में दुगनी गति से हो रहा प्रदेश में विकास का कार्य : उपमुख्यमंत्री अरुण साव

### अल्प समय में ही प्रदेश में मोदी की गारंटी को पूरा किया गयाः मंत्री लखनलाल देवांगन

### सड़क पर खड़े लोगो को कलेक्टर ने बताया कि उपमुख्यमंत्री जी पुल निर्माण की घोषणा कर चुके हैं तो खुश होकर लौटे


### उपमुख्यमंत्री और उद्योग मंत्री ने किया लगभग 8 करोड़ रुपये के विकासकार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन



**कोरबा ।** छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री, लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, विधि व विधायी कार्य, तथा नगरीय प्रशासन मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री अरुण साव ने अपने एक दिवसीय प्रवास के दौरान नगर पंचायत पाली एवं नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा में आयोजित विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होकर क्षेत्रवासियों को अनेक विकास कार्यो की सौगात दी। उन्होंने नगर पंचायत पाली में लगभग 5 करोड़ से अधिक के विकास कार्यो के अंतर्गत 4 करोड़ 75 लाख 30 हजार के अनेक कार्यो का भूमिपूजन, 67 लाख 39 हजार के विकास कार्यो का लोकार्पण और नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा में 2 करोड़ 10 लाख 42 हजार के विकास कार्यों का भूमिपूजन कार्य किया।इस अवसर पर वाणिज्य उद्योग व श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन, विधायक पाली तनाखार श्री तुलेश्वर मरकाम, विधायक कटघोरा श्री प्रेमचंद पटेल, महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, नगर पंचायत अध्यक्ष पाली श्री अजय जायसवाल, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा श्रीमती सोनी विकास झा, कलेक्टर श्री अजीत वसंत, पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धार्थ तिवारी, निगमायुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय, सहायक कलेक्टर श्री क्षितिज गुरभेले सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। उपमुख्यमंत्री श्री साव ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश को आगे बढ़ाने का काम किया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार द्वारा विकास के कार्यो को दुगनी गति से पूरा किया जा रहा है।

उपमुख्यमंत्री श्री साव ने आगे कहा कि प्रदेश सरकार के कथनी और करनी में कोई अंतर नही है, सरकार ने आमजनो से जो भी वादा किया है उसे पूरा करने हेतु कटिबद्ध है। श्री साव ने कहा कि राज्य की तरक्की और बेहतरी के लिए नई ओद्योगिक नीति का संचालन कर नौजवानो को रोजगार उपलब्ध करा उनके जीवन में परिवर्तन लाने का कार्य कर रही है। शिक्षा में गुणवत्ता लाने के लिए युक्तियुक्तकरण का बड़ा फैसला लिया गया है। युक्तियुक्तकरण नीति का लाभ पाली तानाखार विधानसभा के पोड़ी उपरोड़ा के सुदूरवर्ती क्षेत्रो के स्कूलों को मिला है। शिक्षकविहीन व एकलशिक्षकीय विद्यालयों में नियमित शिक्षकों की पदस्थापना की गई है। जिससे बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलेगी। उन्होंने कहा कि कोरबा जिला सहित पाली तानाखार क्षेत्र में विकास की दिशा में आगे बढ़ाने के लिए योजना बनाकर कार्य किया जा रहा है।

## नवा रायपुर में होलसेल कॉरिडोर प्रोजेक्ट पर रोक, नई कमर्शियल हब योजना पर विचार



**रायपुर।** नवा रायपुर अटल नगर में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा प्रस्तावित 'होलसेल कॉरिडोर' योजना को फिलहाल रोक दिया गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में वर्तमान भाजपा सरकार ने इस योजना को रद्द कर दिया है। अब नए सिरे से एक आधुनिक कमर्शियल हब विकसित करने की योजना पर मंथन किया जा रहा है।

इससे पहले नवा रायपुर में सिटी लेवल डेवलपमेंट की प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है। क्षेत्र में आवास, निवेश और व्यापारिक गतिविधियों को गति देने के उद्देश्य से विभिन्न सेक्टरों में ज़मीन आवंटित की जा रही है। यह कदम नवा रायपुर के संतुलित और समग्र विकास को ध्यान में रखकर उठाया गया है। नवा रायपुर विकास प्राधिकरण (NRDA) द्वारा सड़कें, नालियां, बिजली और पानी जैसी मूलभूत अधोसंरचनाओं के विकास पर काम किया जा रहा है।

इन कार्यों के लिए करीब 100 करोड़ रुपये की लागत तय की गई है, जिसमें से 30 करोड़ रुपये केवल सड़कों के निर्माण पर खर्च किए जाएंगे। शेष राशि अन्य बुनियादी सुविधाओं पर व्यय होगी। गौरतलब है कि कांग्रेस सरकार ने नवा रायपुर में 1083 एकड़ ज़मीन पर 'होलसेल कॉरिडोर' बनाने की योजना बनाई थी, जिसे दक्षिण एशिया का सबसे बड़ा थोक बाजार बताया जा रहा था।

## अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस पर आयोजित संगोष्ठी में शामिल हुए मंत्री केदार कश्यप

### प्रेम को प्रकृति के साथ जोड़ता है एक पेड़ माँ के नाम अभियान : मंत्री कश्यप

### गौपालक किसानों व मत्स्य सहकारी किसानों को रुपे केसीसी कार्ड एवं डेयरी सोसायटियों को



**रायपुर।** सहकारिता एवं जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस पर आयोजित एक दिवसीय संगोष्ठी में शामिल हुए। संगोष्ठी नवा रायपुर, अटल नगर में स्थित छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक (अपेक्स बैंक) परिसर में आयोजित की गई। उन्होंने इस अवसर पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत परिसर में पौधरोपण किया। मंत्री कश्यप ने इस मौके पर गौपालक तथा मत्स्य पालक किसानों को रुपे केसीसी कार्ड और दुग्ध सहकारी समितियो को माइक्रो एटीएम वितरित किया। मंत्री कश्यप ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान पर्यावरण संरक्षण का प्रतीक है और माँ के प्रति हमारी श्रद्धा। उन्होंने कहा कि यह अभियान प्रेम और कृतज्ञता व्यक्त करने का एक अनूठा तरीका भी है। माँ और प्रकृति दोनों ही जीवनदायिनी हैं, पोषण करती हैं, और बिना किसी स्वार्थ के अपनापन देती हैं । मंत्री कश्यप ने कहा कि माँ के नाम पर एक पेड़ लगाना माँ के प्रेम को प्रकृति के साथ जोड़ता है। यह एक जीवंत श्रद्धांजलि है, जो न केवल माँ के प्रति हमारी भावनाओं को व्यक्त करती है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी एक उपहार है। उन्होंने कहा कि यह अभियान, 'सहकारिता' के साथ, भारत में सामाजिक और पर्यावरणीय उत्थान के लिए महत्वपूर्ण पहल है। ये सामूहिक भागीदारी और सामूहिक जिम्मेदारी पर आधारित हैं, और इनकी मूल भावना सहयोग, संरक्षण और समाज में योगदान देने की है। 'एक पेड़ माँ के नाम' पहल की शुरुआत प्रधानमंत्री द्वारा 5 जून 2024 को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर की गई थी। इसका उद्देश्य माताओं की स्मृति में पेड़ लगाने को प्रोत्साहित करना और पर्यावरण संरक्षण को

## हीराकुद बांध से पहली बार छोड़ा गया बाढ़ का पानी, छत्तीसगढ़ से आए जल प्रवाह ने बढ़ाया जल स्तर



संबलपुर । लगातार बारिश और छत्तीसगढ़ से बढ़ते जल प्रवाह के चलते हीराकुद बांध का जल स्तर रविवार को तेजी से बढ़ गया, जिसके बाद इस मानसून सत्र में पहली बार बांध से बाढ़ का पानी छोड़ा गया। सुबह सबसे पहले स्लुइस गेट नंबर 7 खोला गया और फिर स्थिति को देखते हुए कुल 12 गेट खोल दिए गए।

बांध नियंत्रण कक्ष के अनुसार, रविवार सुबह 9 बजे जलाशय का जल स्तर 609.54 फीट रिकॉर्ड किया गया। उस समय 1,30,028 क्यूसेक पानी बांध में आ रहा था, जबकि 38,164 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा था। इसमें से 34,313 क्यूसेक पानी बिजली उत्पादन के लिए पावर चैनल में डायवर्ट किया गया। 3,223 क्यूसेक सिंचाई और 234 क्यूसेक पानी औद्योगिक उपयोग के लिए छोड़ा गया। सिंचाई के लिए छोड़े गए पानी को बरगढ़ मुख्य नहर (2,755 क्यूसेक), सासन मुख्य नहर (400 क्यूसेक), और संबलपुर डिस्ट्रीब्यूटरी (68 क्यूसेक) में वितरित किया गया। बांध में जल स्तर बढ़ने के पीछे छत्तीसगढ़ स्थित कलमा बैराज के सभी 46 गेटों का खुलना भी एक प्रमुख कारण बताया गया है, जिससे महानदी जल प्रणाली में अचानक पानी की मात्रा बढ़ गई।गौरतलब है कि पिछले साल हीराकुद से बाढ़ का पानी पहली बार 28 जुलाई को छोड़ा गया था, जब जल स्तर 617.29 फीट तक पहुंच गया था। इस साल यह प्रक्रिया अपेक्षाकृत पहले शुरू करनी पड़ी।

**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक प्रेमेन्द्र अग्रवाल** द्वारा अस्मा पब्लिशर्स इण्डिया प्राईवेट लि.,जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित कर तथा 5/756 रामसागरपारा, सिंधी स्कूल के पीछे, स्टेशनरी हाऊस, रायपुर 492001 (छ.ग.) से प्रकाशित। **संपादक प्रेमेन्द्र अग्रवाल ।**
www.lokshakti.in, lokshaktidaily@gmail.com, twitter.com/lokshaktidaily, facebook.com/lokshaktidaily **कार्यकारी संपादक : राजेश अग्रवाल** (किसी भी विवाद पर न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा)